पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 22 ◆ रायपुर 20 मई 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को सौंपा 3 लाख 700 पीएम आवासों का स्वीकृति पत्र

## अब कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सबके बनेंगे पक्के मकान : केंद्रीय मंत्री





**नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश**



**मनरेगा में छत्तीसगढ़ का लेबर बजट बढ़ाने की घोषणा**



**रायपुर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज अम्बिकापुर में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए। सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने की। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को उनके पूर्ण हो चुके आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री ने आवास का निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के आवास का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के नवनिर्मित 51 हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया तथा अमृत सरोवर पोर्टल का शुभारंभ किया।

केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नया सर्वे हो रहा है और जिनके कच्चे मकान हैं, उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि डबल इंजन की सरकार बनी तो सबको पक्के मकान बनाकर देंगे, हमारी सरकार बनते ही हमने अपना वादा निभाया। छत्तीसगढ़ में जो पात्र हितग्राही थे सबके आवास अब स्वीकृत हो गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हमारा संकल्प विकसित भारत के निर्माण का है। विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा। उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन लाख लखपति दीदी बनीं हैं। आने वाले समय में 4 लाख लखपति दीदी बनाएंगे। महिला स्व-सहायता से जुड़ी हर दीदी को लखपति बनाएंगे। गांव के हर एक गरीब को रोजगार से जोड़कर उसकी आमदनी बढ़ाएंगे।

### खेती को बनाएंगे फायदे का धंधा

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेती को फायदे का धंधा बनाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीद रहे हैं। किसानों की आय को बढ़ा रहे हैं। मेरे पास 16000 से अधिक कृषि वैज्ञानिक है। 29 मई से 12 जून तक कृषि वैज्ञानिक गांवों में आएंगे और 15 से 20 गांवों के किसी सेंटर पर किसानों के साथ बैठकर कृषि को फायदे का धंधा बनाने के लिए चर्चा करेंगे। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए, वे आपके बीच जाएंगे, आपकी समस्या को सुनेंगे, आपके खेत को देखेंगे, मिट्टी-मिट्टी का परीक्षण करेंगे कि खेत किस प्रकार की फसल के लिए उपयुक्त है। खरीफ फसलों की तैयारी के लिए सुझाव देंगे। खेती के साथ पशुपालन, उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे।

सीएम विष्णुदेव साय ने लगाई पीएचई के सब इंजीनियर को फटकार

## 'काम करो या सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो, गेट आउट'



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही.** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरे चरण जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर आज जीपीएम जिले के चुकतीपानी गांव में उतरा. मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया. ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या से अवगत कराया. जिसपर मुख्यमंत्री ने चौपाल के बीच जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही से नाराज होकर पीएचई के सब इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि काम करो या फिर सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो. सुशासन तिहार के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अलग-अलग अंदाज देखने को मिला.

सीएम साय ने कड़े लहजे में पीएचई के सब इंजनियर को फटकार लगाते हुए कहा कि या तो ईमानदारी से काम करो या फिर सस्पेंड होने को तैयार रहो. ये सरकार का काम है, कोई मजाक नहीं. गेट आउट इस विशेष अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अलग-अलग जिलों में बिना पूर्व सूचना के पहुंच रहे हैं. इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री साय का हेलीकॉप्टर जीपीएम जिले के चुकतीपानी गांव में उतरा है. सीएम साय के आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कनेक्टिविटी से जुड़ी कई अहम मांगें रखी





**नई दिल्ली /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के विकास और राज्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लक्ष्य के तहत रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल लगातार गंभीर प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की।

### सड़क कनेक्टिविटी को लेकर रखीं प्रमुख मांगे

श्री अग्रवाल ने रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण से जुड़े कई लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए राज्य के प्रमुख मार्गों और जंक्शनों पर अधोसंरचना के विस्तार का प्रस्ताव रखा।

### उन्होंने निम्नलिखित मुद्दों को विशेष रूप से उठाया:

1. रायपुर रिंग रोड-1 टाटीबंध से तेलीबांधा तक (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करने
2. राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (शदाणी दरबार) एवं एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण
3. राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (कमल विहार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण
4. भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे पर अभनपुर-राजिम-गरियाबंद हाईवे क्रॉसिंग पर इंटरचेंज सुविधा
5. रायपुर-दुर्ग एनएच 53 मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का नवीनीकरण
6. रायपुर रेलवे स्टेशन से एनएच-30 जंक्शन तक निर्मित एक्सप्रेस हाईवे को NHAI को हस्तांतरण
7. नागपुर-गोंदिया-बिरसी एयरपोर्ट (रावणबाड़ी) हेतु प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेसवे का रायपुर तक विस्तार
8. रायपुर-विशाखापत्तनम 4/6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भू-अर्जन मुआवजा प्रकरण का शीघ्र समाधान
9. राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण की भी मांग की है।

बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि पहले राजधानी में यातायात का दबाव कम था लेकिन समय के साथ यह बहुत बढ़ गया है जिसको देखते हुए मामले में अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट में यात्री सुविधाओं का विस्तार करने, नाइट लैंडिंग की सुविधा देने और एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

### हवाई कनेक्टिविटी को लेकर रखीं अहम मांगें:

*श्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने हेतु कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब और नाइट पार्किंग सुविधा शुरू करने की मांग की। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों से पार्किंग के नाम पर की जा रही अवैध वसूली की भी जानकारी दी।*

# बालको ने डिजिटल नवाचार के साथ प्रचालन उत्कृष्टता को दिया बढ़ावा



**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर अपने पूरे मूल्य श्रृंखला में अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बालको ने कई डिजिटल नवाचार किये हैं जिससे प्रचालन में सकारात्मक बदलाव आया है।

सस्टेनेबल और ऊर्जा-कुशल संचालन को बढ़ावा देने के लिए बालको ने अपने पॉटलाइन में एक नया रीलाइनिंग डिज़ाइन अपनाया है। 100 प्रतिशत ग्रैफिटाइज़ेशन के बाद से ऊर्जा की खपत में 400 किलोवाट-घंटा प्रति मीट्रिक टन की कमी आई है, जिससे करंट एफिशिएंसी में सुधार हुआ है और उत्सर्जन में भी कमी आई है।

इसके साथ बालको ने फिनिशिंग लाइन एरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिमुलेटर को एकीकृत किया है, जो प्रक्रिया मापदंडों का व्यापक विश्लेषण करने में सक्षम हैं। यह समाधान रोल्ड प्रोडक्ट्स के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए अनुकूल स्थितियों की पहचान कर प्रक्रिया दक्षता को बेहतर बनाते हैं।

एआई आधारित उन्नत तकनीक ने बालको के फर्नेस में एनोड निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह रोबोट-आधारित तकनीक फर्नेस की रिफ्रेक्टरी संरचनाओं का स्वत: परीक्षण करती है, जिससे घिसाव और क्षति का सटीकता से पता चलता है और एनोड की गुणवत्ता बेहतर होती है, साथ ही संचालन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

बालको के 1200 मेगावाट बिजली संयंत्र में लागू किया गया एआई-संचालित कन्वेयर बेल्ट मॉनिटरिंग सिस्टम सुरक्षा और दक्षता दोनों को बढ़ाता है। यह सिस्टम कन्वेयर की स्वास्थ्य जांच, रियल-टाइम अग्नि अलर्ट और संचालन बेल्ट के पास मानव उपस्थिति की पहचान करता है, जिससे सुरक्षित संचालन सुनिश्चित होता है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम अपने प्रत्येक प्रचालन क्षेत्र में डिजिटल नवाचार को एकीकृत कर रहे हैं जिससे एफिशिएंसी, सेफ्टी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाया जा सके। हमारे डिजिटल पहल प्रचालन उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रहे हैं जिससे हम भारत के एल्यूमिनियम उद्योग में नेतृत्व करते हुए सतत भविष्य के लिए योगदान दे रहे हैं। तकनीक का उपयोग अब एल्यूमिनियम 'भविष्य की धातु' उत्पादन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। डिजिटल परिवर्तन के तहत 62 प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया जिससे मैनुअल कार्यों की जगह अब रियल-टाइम डेटा संग्रह ने ले ली है। संसाधनों का कुशल उपयोग संभव हुआ और निर्णय प्रक्रिया भी अधिक डेटा-आधारित हो गई है। मानव एवं मशीन इंटरैक्शन के बीच संतुलन सुनिश्चित हुई जिससे सुरक्षा मानकों को मजबूती मिली है। प्रक्रियाओं और संचालन में व्यापक विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करके बालको ने सुरक्षा, स्थिरता और संचालन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

बालको ने मजबूत सुरक्षा संस्कृत के निर्माण की दिशा में अपने प्रचालन क्षेत्र में कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। फिनिश्ड गुड्स टावर और ऐश एवं कोल कंट्रोल टावर 24×7 लाइव मॉनिटरिंग डैशबोर्ड की सुविधा प्रदान करते हैं, जो रीयल-टाइम जीपीए ट्रैकिंग और स्पीड मॉनिटरिंग के माध्यम से निरंतर और सुचारू प्रचालन सुनिश्चित करते हैं। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है। ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबिलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर (सीएसओसी) डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा इनसाइट्स का उपयोग कर सुरक्षा, ट्रैफिक एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में बेहतर निर्णय लेने में सहायता करता है। कोल यार्ड में थर्मल निरीक्षण द्वारा संचालित हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड द्वारा रियल टाइम डेटा की निगरानी जैसी परियोजनाएं सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। संयंत्र में एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का उपयोग फर्श पर सुरक्षा संकेतों को उजागर करने के लिए किया जाता है, जिससे कम रोशनी, धूल भरे और उच्च ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में भी सुरक्षा संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

# शिवरतन शर्मा के हाथों गौठान पहुंच मार्ग का भूमिपूजन हुआ



**भाटापारा।** प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा व पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति मे गौठान पहुँच मार्ग का भूमिपूजन संपन्न हुआ। उक्त गौठान पहुंच मार्ग का निर्माण लगभग 49 लाख रुपये की लागत से होना है जिसकी स्वीकृति शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से हुआ था उक्त पहुंच मार्ग का भूमिपूजन उन्होने गुरूवार को किया। उक्त अवसर पर उन्होने ट्रिपल इंजन की सरकार मे देश प्रदेश व क्षेत्र के विकास की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि क्षेत्र मे जितने भी विकास के कार्य हुये है वे सभी भाजपा के कार्यकाल मे हुये है। उन्होने गौठान पहुँच मार्ग के बन जाने पर सुगम रूप से यातायात हो जाने की बात कहते हुये कहा कि इस मार्ग के निर्माण से सभी लोगो को बरसात मे आवाजाही मे सहुलियत मिल सकेगा। कार्यक्रम मे पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है, जो न केवल गौठान तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा, बल्कि पशुधन की देखरेख, कृषि कार्यों में सहयोग और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रकार की आधारभूत सुविधाएं नागरिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं। कार्यक्रम में गोविंद पटेल, राकेश तिवारी, सुनील यदु, सतीश तलरेजा, मनीष मिश्रा, नंदकिशोर वैष्णव, संध्या राजेश साहू, भुवन सिंह ठाकुर, योगेश अनंत, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, आशीष टोडर, नीरा साहू, आयशा खान, प्रकाश शर्मा व संतोष वैष्णव सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

# मंडी में नये धान की बंपर आवक होने से चारों तरफ जाम की स्थिति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** रबी फ सल की धान की कटाई के बाद एक बार फि र प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे नये धान की बंपर आवक होने से समुचे सड़क मे चारो तरफ धान से लदी ट्रक ट्रेक्टर ट्राली, मेटाडोर, माजदा, पिकअप, डीआई एवं छोटा हाथी वाहन सहित अनेक वाहनो मे हजारो बोरा धान की आवक होने से सड़क जाम की स्थिति बन गई है उक्त हालात शाम छह बजे तक सड़क पर कायम रहा इस बीच दूर दराज से धान बेचने आये किसानो व माल परिवहन करने वाले चालक परिचालक को तपती धूप मे छह से आठ घंटे तक सड़क पर हीं समय बिताना पड़ा है इसी प्रकार शाम होते ही दूरस्थ जिलो के दूरगांव के अनेक वाहनो मे फि र से बिक्री के लिये धान की उपज आ जाने के कारण अनेक लोगो को सड़क पर हीं रात बिताने मजबूर होना पड़ रहा है सैकडो की तादाद मे लंबी लाईन वाहनो की लगे रहने के कारण फ व्वारा चैक से मंडी की ओर आने जाने वाले लोगो को सड़क जाम के कारण शहर के भीतर से इधर उधर आना जाना पड़ रहा है इसी प्रकार के हालात कालेज गेट से ग्राम खोलवा तक भी बना हुआ है जहां अनाज लदे माल वाहन सैकड़ो की तादाद मे सड़क पर खडे है धान की उपज से लोड वाहनो के जाम का सिलसिला ओव्हरब्रिज तक प्रातरू पहुंच जाने से यातायात पूरी तरह बाधित रहा बिलासपुर की ओर जाने वाली अनेक वाहनो को लंबे इंतजार के बाद रास्ता मिल पाया वर्तमान मे बारिश आगमन के पूर्व बडी तादाद मे किसान अपनी धान की उपज को बेचने भाटापारा मंडी पहुंच रहे है जहां अधिक आवक होने की वजह से उन्हे अपनी उपज बेचने भीषण गर्मी मे भी पसीना बहाना पड़ रहा है इस बीच प्रशासन की ओर से बाहर से आये किसानो व माल वाहक चालक परिचालक लोगो के लिये व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाने के इंतजाम नहीं किये जाने से संपूर्ण मंडी क्षेत्र व भाटापारा शहर की चारो ओर की सड़को मे यातायात जाम के माहौल बन रहे है वहीं किसानो व चालक परिचालक लोगो के लिये पूर्व की तरह अभी तक पेयजल की व्यवस्था नहीं किये जाने से अव्यवस्था का माहौल दिखने लगा है सड़क जाम के कारण आम नागरिक जो किसी अन्य कार्य से हास्पिटल बैंक, बस स्टैड तथा अन्य मार्ग की ओर जाना चाहते है उन्हे पूरी तरह परेशानियो से जूझना पड़ रहा है क्षेत्रिय नागरिको ने सड़क जाम से निपटने के लिये भाटापारा शहर मे अतिरिक्त ट्रेफि क पुलिस बल तैनात करने की मांग की है।

# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान



प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ़ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते।

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ़ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ़ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है।

- ललित गर्ग

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

शशि थरूर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।



शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे।

सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है।

- ललित गर्ग

# बंपर आवक के बावजूद धान व उन्हारी के भाव उंचे आसमान पर



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे धान व उन्हारी उपज की बंपर आवक का क्रम शुरू होने के बाद भी धान व उन्हारी उपज की कीमत कम होने का नाम नहीं ले रहीं है शुक्रवार को मंडी प्रांगण मे बंपर आवक के बावजूद नया महामाया धान 2836 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर उच्च भाव मे बिका वहीं मोटा रकजा धान भी 2160 रूपये प्रति क्विंटल के भाव मे किसानो ने बेचा, उन्हारी उपज मे बटरी 4532 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च स्कोर पर बेचा गया इसी तरह तिवरा 4074 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका, मंडी प्रांगण मे चना के भी भाव तेजी लिये रहे यह 5361 रूपये प्रति क्विंटल के अच्छे भाव मे बिका इसी प्रकार गेहूं की भी पर्याप्त आवक हुई जिसके कारण गेहूं 2360 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया प्रांगण मे विष्णु भेग ईनेम धान की भी अच्छी खासी कीमत किसानो को मिली और यह 6050 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया इसी प्रकार एचएमटी ईनेम धान 2552 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, श्रीराम ईनेम धान 2976 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, महामाया ईनेम धान भी 2622 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, तिवरा ईनेम 4041 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बेचा गया, गेहूं ईनेम 2496 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका इसी तरह बटरी ईनेम भी अपने उच्च भाव 4454 रूपये प्रति क्विंटल के भाव पर बेचा गया, भाटापारा मंडी मे अच्छे भाव व तुरंत चुकारा प्राप्त हो जाने के कारण प्रदेश के सुदूरवर्ती जिले चांपा-जांजगीर, महासमुंद, कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा, बिलासपुर, सारंगढ-बिलाईगढ व गौरेला पेन्ड्रा मरवाही सहित अन्य जिलो के दूर दराज गांवो के किसान अपनी उपज बेचने पहुंच रहे है।

## पाकिस्तान के विरूद्ध एयर स्ट्राईक पर भाटापारा में जश्न



**भाटापारा।** स्थानीय जय स्तंभ चैक मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे रात्रि 02 बजे पाकिस्तान के विरूद्ध की गई सफ ल एयर स्ट्राईक की गौरवपूर्ण उपलब्धि पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य विजय जुलूस निकालकर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता की प्रतिमा के पास उपस्थित लोगो ने राष्ट्र भक्ति के जयघोष के साथ वीर जवानो को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। उपरोक्त अवसर पर पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, अविनाश शर्मा, अभिषेक मिश्रा, पिंटू तिवारी, संकेत उपाध्याय, अभिषेक मोदी, नंदकिशोर वैष्णव, आशीष टोडर, रूपेश तिवारी व पीयूष साहू सहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रीड़ा भारती की योजना बैठक संपन्न



**भाटापारा।** क्रीड़ा भारती की योजना बैठक संपन्न हुई जिसमे 65 लोग उपस्थित हुये। बैठक में प्रान्त एवं महाकौशल प्रान्त प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने विषय लिया जिसमे 2 महत्वपूर्ण विषय निम्न है। आने वाले भविष्य में आने वाले समय के लिए खेल नीति को लेकर महत्वपूर्ण कार्य करना। आने वाले समय मे 2036 में भारत मे होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करवाने पर कार्य करना जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है। अन्य विषयों में खेल संवाद का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजन करना। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष सुश्री नीता डूमरे द्वारा पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गयी। 14 सितंबर को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अंत मे क्रीड़ा भारती में कार्यकर्ताओं को नए दायित्व दिया गया। उक्त जानकारी आदित्य ठाकुर ने दी है।

### सेवा दल ने मनाया हार्डिकर जयंती



भाटापारा। सेवा दल के संस्थापक डॉ.नारायण सुब्बाराव हार्डिकर के 136 वीं जयंती का कार्यक्रम कांग्रेस भवन मे मनाया गया। उक्त अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर उपस्थित कांग्रेसजनो ने प्रकाश डाला उपरोक्त अवसर पर संतोष यादव, अरूण यदू, आशीष वर्मा, घनश्याम वर्मा, शशांक बंजारे, किरत वर्मा, ओमप्रकाश यादव, पप्पू यादव, महेन्द्र साहू, चेतन मानिकपुरी, बल्लू पाल, सतीश गेडण्े व गिरीराज चावड़ा सहित बडी संख्या मे सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर किये जाने की दरकार

## सुलभ शौचालय बंद हो जाने से लोग खुले में कर रहे हैं शौच क्रिया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर की सफ ाई व्यवस्था पहले की तुलना मे बेहतर हुई है लेकिन अभी और इस दिशा मे काम किये जाने की दरकार है खासकर प्रमुख चैक चैराहे व मुक्कड मे अभी भी कचरो का ढेर लग रहा है जिसमे ज्यादातर कचरे दुकानदारो के निकल रहे है खासकर नगर मे सीमेंट चादरो को बैग बनाने वाले लोगो का कटिंग वाला कचरा मुख्य समस्या की जड़ बना हुआ है विभिन्न सीमेंट संयंत्रो मे नीलामी के बाद कपडो के सीमेंट वाली चादर को धोने शिवनाथ नदी के पानी को प्रदूषित किया जा रहा है जिससे शिवनाथ की जल प्रदूषण का शिकार हो रहीं है वहीं धुले हुये चादर को बैग बनाने के लिये टेलर टीम द्वारा काटे जाने के बाद इसके टुकडे को खुलेआम चैक चैराहे पर कुछ लोगो के द्वारा फें के जाने से पालिका के सफ ाई अभियान को धक्का लगा है शहर मे बेहतर सफ ाई व्यवस्था के लिये पूर्णकालिक स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षक की अब तक नियुक्ति शासन द्वारा नहीं की गई है जिसके कारण सफ ाई व्यवस्था को बेहतर मुकाम नहीं मिल पा रहा है स्वच्छता मिशन के कार्यो मे भी मनमानी का आलम व्याप्त है यहां पर भारी भरकम स्टाफ मौजूद है जिसमे एक ही परिवार के चार से छह लोगो को अनाधिकृत रूप से रखकर बिल व वेतन आहरण किया जा रहा है जिसमे कुछ सुपरवाईजरो की मिली भगत है और वे एक ही परिवार के चार से अधिक लोगो को काम मे रखकर सिर्फ फ ोटो खींचकर हाजिरी लगाने का काम सफाई से कर रहे है बैटरी चलित कचरा रिक्शा मे अनेक रिक्शा चालक को दूसरे व्यक्ति के स्थान पर गाडी चला रहे है जिसमे ज्यादातर नाबालिग युवक है आखिर इस प्रकार की अव्यवस्था व स्थिति के पीछे कौन काम कर रहा है यह जांच का विषय है भारत शासन द्वारा एक लंबे समय से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन भाटापारा शहरी क्षेत्र मे आलम यह है कि अब भी लोग खुले स्थान पर शौच करने के लिये डिब्बा व लोटा पकड़कर खुले मे जा रहे है बताया जाता है कि शहर के दो प्रमुख सार्वजनिक शौचालय जिसे पे एंड यूज की तर्ज पर संचालित किया जा रहा था वह दोनो प्रमुख सुलभ शौचालय जो कि बस स्टैड व हटरी बाजार स्थित रेल्वे अंडरब्रिज के पास मौजूद था वह बंद पड़ा है इस संबंध मे पालिका सूत्रो का कथन है कि बस स्टैड सुलभ शौचालय को बोर फे ल हो जाने के कारण बंद कर दिया गया है जबकि हटरी बाजार का सुलभ शौचालय की छज्जा गिरने की स्थिति मे होने के कारण संभावित दुर्घटना से बचने के लिये बंद कर दिया गया है उक्त दोनो महत्वपूर्ण सुलभ शौचालय बंद होने के बाद हजारो लोग अब लिंक रोड मंडी रोड सड़क किनारे खुले मे शौच करने बैठ रहे है वहीं रेल्वे अंडरब्रिज हटरी बाजार सुलभ शौचालय बंद होने के बाद लोग रेल्वे लाईन के किनारे खुले मे शौच करने जा रहे है जिससे संपूर्ण शहर का वातावरण फिर से दूषित व प्रदूषित होने लगा है खुले मे शौच करने वाले रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे स्थित कब्रिस्तान पर भी पहुंचने लगे है जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि भाटापारा मे स्वच्छता अभियान का मिशन ढीला पड गया है संबंधित अधिकारियो को चाहिये कि इस दिशा मे त्वरित रूप से ठोस कार्यवाही करें ताकि स्वच्छ भाटापारा अभियान को पटरी पर लाया जा सके।

**बस स्टैड सुलभ शौचालय को बोर फेल हो जाने के कारण बंद कर दिया गया**

# कलेक्टर के निर्देश पर बाल विवाह रोका गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 आपातकालीन टोल फ्री नंबर लोगों के द्वारा संकटमय परिस्थितियों के बालको के संबंध में जानकारी प्रदान की ज रही है। इसी कड़ी में शनिवार को चाईल्ड हेल्प लाईन पर मिली सूचना के आधार पर बाल विवाह को रोका गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकाखण्ड अंतर्गत विवाह की आयु पूर्ण नही किए बालक का शादी किए जाने एवं शनिवार को बारात निकलने की जानकारी मिली। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना को त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना तथा निपनिया पुलिस चैकी की संयुक्त टीम ग्राम सिंगारपुर पहुची। परिजनों से बालक की आयु संबंधित दस्तावेज की मांग की गई। परिवार में एक साथ दो विवाह होने के कारण दोनो बालकों (भाई-बहन) की आयु संबंधित दस्तावेज का परीक्षण किया गया जिसमें बालक की आयु 20 वर्ष मिली तथा बालिका की आयु 18 वर्ष पायी गई। बालिका से विवाह हेतु ग्राम बहेरा जिला बेमेतरा से आ रहे बालक की आयु संबंधित पूछताछ करने पर वाट्सएप पर दस्तावेज प्रेषित किये गए। जिसमें बेमेतरा निवासी वर की आयु 20 वर्ष 6 माह निर्धारित हुई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में परिजनों को जानकारी दी गई कि 21 वर्ष से कम आयु के लड़के एवं 18 से कम आयु की लड़की का विवाह करने से दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रूपये जुर्माने का प्रावधान है। विवाह अनुष्ठान में सम्मिलित प्रत्येक पुरूष परिवार के सदस्य, टेंट, साउंट की व्यवस्था करने वाले, बारात में सम्मिलित होने वाले समान रूप से दंड के भागीदार होंगे। कम आयु में विवाह होने से बालकों पर पड़ने वाले सामाजिक,आर्थिक दुष्परिणामों के बारे मे उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया गया एवं अपील की गई संकटग्रस्त बालकों के संबंध में 247 कार्यरत आपातकालीन हेल्पलाईन नंबर पर सूचना प्रदान करे ताकि बालकों की मदद की जा सकें। कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रकाश दास, अर्चना वैष्णव, विवेकानंद वैष्णव, पयर्वेक्षक ललिता मिश्रा, प्रमिला वर्मा, सुश्री वंदना बड़ा व सुश्री तारिणी साहू तथा निपनिया चैकी की पुलिस टीम सम्मिलित हुये।

# तिरंगा यात्रा में ग्रामीणों का दिखा उत्साह एवं जज्बा

## तिरंगा यात्रा में ग्रामीणों का दिखा उत्साह एवं जज्बा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान के अंतर्गत 17 मई को प्रदेश भर में अनेक गांवों, नगरों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में ग्रामीण बड़े उत्साह, जोश और राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत हो शामिल हुये। समीपस्थ ग्रामों चीजगांव, बरगा, हाटरांका, अकोला, खाती, बेलगॉव आदि में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देश की सुरक्षा में नागरिक सहभागिता के संकल्प के साथ आयोजित की गई जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक की भागीदारी सुनिश्चित रही। यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक शीर्षक वाले बैनर तले निकाली गई। हम सेना के साथ हैं और आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र जैसे बैनर लिये हुये भारतमाता की जय का उद्घोष करते ग्रामीणों ने यात्रा निकाली। यात्रा ने नागरिकों के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत किया। इस अवसर पर देश की सशस्त्र सेनाओं, अर्धसैनिक बलों के योगदान को सराहते हुए भारत की जीत, सशस्त्रबलों तथा सैनिकों और उनके परिवारों को धन्यवाद के संदेश वाली तख्तियां लोगों के हाथ में रही। तिरंगा यात्रा ने आतंक के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। सेना के अदम्य पराक्रम और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता प्रगट की। यात्रा में जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सरपंच चीजगॉव भगेला साहू, उपसरपंच सुनील साहू, पंचगण डेरहा साहू, अकरूल साहू, भुवनेश्वरी साहू, परमिला बाई, रेखा मार्कंडेय, भाजपा थानखम्हरिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, पुरुषोत्तम दास, पूर्व सरपंच अजय वर्मा, ओम पाल, श्रवण साहू, गणेश वर्मा, सेवाराम साहू, चुरावन वर्मा, ओंकार साहू, सियाराम नेताम, दिनेश्वर साहू, धीरऊ यादव, अटल साहू, डोमार साहू, अम्बे मरकाम, इंद्रा वर्मा समेत बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भोथीडीह के सामाधान शिविर में बी-1 व किसान पुस्तिका का वितरण



**भाटापारा।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत ब्लाक के ग्राम भोथीडीह मे लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न समस्याओ से प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण कर मौके पर फौती नामांतरण, त्रुटि सुधार व बी-01 की नकल के अलावा किसान पुस्तिका का वितरण किया गया। उक्त समस्या निदान शिविर मे भोथीडीह के अलावा ग्राम गुडाघाट, खपरी, सिल्वा, कोनी, मोपकी, पथरिया, निपनिया व भोथीडीह सहित अन्य गांव के ग्रामवासी बडी तादाद मे शामिल हुये। कार्यक्रम मे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को भी शासन की विभिन्न योजनाओ के तहत लाभ दिया गया। उक्त अवसर पर सरपंच अनूप साहू, नरेश नेताम, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत के सीईओ हिमांशु वर्मा, ग्राम सचिव मनीष दुबे, मनोज शर्मा, अमर मंडावी, प्रदीप अनंत व सविता अनंत सहित प्रेमा मिंज व बडी तादाद मे अन्य पदाधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# इन्द्र साव से डी एड अभ्यर्थियों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इन्द्र साव के निवास पर तमाम डी एड अभ्यर्थी ने मुलाकात करते हुये अपने मांगो के समर्थन मे ज्ञापन सौंपकर उनके हित मे उचित पहल करने की मांग की है। अभ्यर्थियो ने इन्द्र साव को बताया कि पूर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अभ्यर्थियो को एक अनुपात एक मे बुलाया जाता है किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसिलिंग मे अपात्र व्यक्तियो का नाम भी सम्मलित हो जाता है जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अभ्यर्थियों का नाम काउंसिलिग मे शामिल नहीं हो पा रहा है। अभ्यर्थियों ने विधायक इन्द्र साव से कहा कि वे इनकी बात को शासन तक पहुंचावे तथा एक अनुपात दो मे काउंसिलिंग की प्रक्रिया लागू करावे उक्त संबंध मे इंद्र साव ने कहा कि आप सब की मांग को पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री तक रखकर पूरी पारदर्शिता से निर्धारित समय सीमा मे भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिये रखूंगा। अवसर पर बडी संख्या मे डीएड अभ्यर्थी मौजूद थे। उक्ताशय की जानकारी जीतनारायण साव ने दी है।

# 'हर घर गाय घर-घर गाय' के संकल्प के साथ निकली गौ ग्राम जागरण यात्रा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के निर्देश पर श्री राम जानकी गौशाला समिति द्वारा ग्राम सैगोना में भव्य गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। 卐हर घर गाय ङ्क घर-घर गाय卐 के पवित्र संकल्प के साथ निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और गोपालन को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

यात्रा से पूर्व गौशाला परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गौ माता की पूजा अर्चना कर गुड़-खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साजा विधायक श्री ईश्वर साहू, रजक बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, जनपद पंचायत साजा अध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, अनिल सिंघानिया (पूर्व एल्डरमैन), सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष युवराज साहू, परमेश्वर वर्मा (प्रतिनिधि सभापति जिला पंचायत बेमेतरा)राजा पांडे गौ सेवक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

गौशाला प्रमुख धनेश दास वैष्णव, रामजी सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा , टीकाराम साहू और प्यारेलाल पटेल द्वारा अतिथियों का पुष्पहार, दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम सैगोना में यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस जनजागरण यात्रा के माध्यम से गौ माता की उपयोगिता, जैविक खेती, गौमूत्र व गोबर के औषधीय एवं पर्यावरणीय लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

साजा विधायक श्री ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि गाय को घर-घर में स्थान देना समय की आवश्यकता है।

आधुनिक खेती ने हमें गाय से दूर किया, पर अब गोबर आधारित खेती ही रासायनिक जहर से बनी धरती को जीवन दे सकती है। हर घर में गोपालन से समाज, स्वास्थ्य और पर्यावरण तीनों को लाभ होगा।

उन्होंने गौ माता को धरती की जीवनदायिनी बताते हुए ग्राम-ग्राम में इस यात्रा के विस्तार की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनिल सिंघानिया ने किया।

इस अवसर पर विष्णुदास वैष्णव, तुकाराम साहू, ललित सिन्हा, धन सिन्हा , सहित महिला समूहों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। यह यात्रा केवल जागरण नहीं, अपितु नव भारत के गो-संरक्षण संकल्प की पुकार है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव नरेन्द्र मोदी जी का सराहनीय कदम - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पडोसी विधानसभा क्षेत्र बिल्हा के ग्राम सरगांव मे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहिले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक तथा प्रदेश के अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी सहित अन्य नेताओ ने भाग लिया। एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सराहना करते हुये कहा कि इस अभियान से न केवल समय धन और संसाधनो की बचत होगी बल्कि स्थिर शासन व नीति निरंतरता को भी मजबूती प्राप्त होगा शर्मा ने आगे कहा कि नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प को साकार करने एक राष्ट्र एक चुनाव को सफ ल बनावे। उपरोक्त कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक द्वय मोहिले व कौशिक के अलावा सवन्नी ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर जिले भर से बडी तादाद मे मंडल व विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठो के पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# सायबर ठगी में फेसबुक से दोस्त बनी युवती भी यूपी के युवक के साथ गिरफ्तार



**भाटापारा।** विभिन्न बैंको मे खाता खुलवाकर उसमे रकम जमा करने वाले सायबर ठग को पकड़ने मे पुलिस को सफ लता मिली है। उपरोक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोशल मिडिया प्लेट फ ार्म फे सबुक के माध्यम से राहुल यादव नामक युवक जो कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के ग्राम मवाई थाना खेतसराय निवासी ने सदर बाजार भाटापारा की 28 वर्षीय युवती काजल यादव से दोस्ती कर ली और उस युवती को युवक राहुल ने बैंक खाता खोलने व रकम डिपॉजिट करने के धंधे से जोड़कर म्यूल बैंक खातो को खुद ऑपरेट करते और ठगी की रकम को इधर उधर करते रहे है इस बीच युवक राहुल ने चेन्नई, अहमदाबाद तथा महाराष्ट्र के जालना शहर मे रहकर जगह बदल बदलकर अपना काम करते रहा उक्त युवक व युवती से लिमिट से अधिक रकम प्राप्त होने के पश्चात विभिन्न पीडितो की शिकायत पर धारा 317, (2) धारा 317, (4), 317, (5), 111, (3) (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत पकड़ा है। पकडे गये दोनो आरोपियो मे से युवती सदर वार्ड भाटापारा निवासी को युवक के साथ ही न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही से शिवनाथ नदी का जल प्रवाह टूटा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**जल संकट से भुगत रहे है आश्रित**

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे इस वर्ष गंभीर जल संकट का आगाज हुआ है और इस संकट की वजह जीवन दायिनी शिवनाथ नदी मे एनीकट के रख रखाव मे की गई घोर लापरवाही का नतीजा है अधिकारी एक दूसरे के पाले मे समस्या को डाल रहे है जिम्मेदारी किसकी होगी इसके लिये विशेष जांच की आवश्यकता है ताकि आगामी वर्ष इस तरह की तकलीफ ो से जनता को बचाया जा सके। शिवनाथ नदी का जल प्रवाह अनेक स्थानो पर सूख चुका है शिवनाथ नदी की धार टूटने से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो मे भी पानी के लिये हाहाकार मचा हुआ है। खासकर नदी किनारे के वे गांव भी अब पानी के लिये मोहताज हो गये है जो कभी शिवनाथ नदी के रौद्र रूप मे आने के बाद जलमग्न होकर डूब जाया करते थे शिवनाथ नदी मे इस वर्ष भयावह सूखे की स्थिति लोगो ने पहली बार देखी है जिसके चलते सेमरिया घाट मदकू द्वीप देवरानी, जेठानी मंदिर क्षेत्र ग्राम ताला तथा कुम्हरखान एनीकट के आगे नदी पूरी तरह अपनी जल प्रवाह की धारा छोड़कर सूख गई है और वहां पर केवल रेत खनन का कार्य अवैध रूप से लोग कर रहे है जिसमे जिसको जैसा मन चाहा वैसी रेत ढुलाई कर रहे है। शिवनाथ को नहीं बचाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब शिवनाथ नदी केवल नाम के लिये नदी रह जायेगी इसके लिये शासन प्रशासन अभी से ऐसी व्यवस्था करे कि शिवनाथ नदी पूर्व के अपने मूल रूप मे क्षेत्र मे सदा प्रवाहित रहे। जब जल संकट पर एक नजर डाले तो एनीकट की व्यवस्था सिंचाई विभाग के जिम्मेदारी पर होती है। इस वर्ष लापरवाही के चलते एनीकट मे कहीं दरवाजे खोल दिये गये कहीं पर एनीकट मे क्रेक आने की भी सूचना है जबकि सिंचाई विभाग को इन समस्याओ से जूझने समय समय पर देख रेख करने एवं सुरक्षा हेतु चाक चैबंद व्यवस्था करने की जिम्मेदारी है लापरवाही पूर्वक किये गये कार्य और दूसरे के पाले मे समस्याओ के डालने का भाव आज निवासियो के लिये जल संकट का कारण बना हुआ है जिसकी जांच आवश्यक है और दोषियो पर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

# समाधान शिविर में शासन की योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ, 2148 आवेदनों में से अधिकांश का हुआ निराकरण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में आज विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत हांटरांका में प्रभावशाली शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस शिविर में कुल 11 पंचायतों के आवेदकों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी व्यापक और जनसरोकारों से जुड़ा रहा।

16 मई को आयोजित इस समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 218 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 05 आवेदन शिकायतों से संबंधित रहे। प्राप्त आवेदनों पर विभागीय प्रक्रिया के तहत शीघ्रता से कार्यवाही की जा रही है।



मुख्य रूप से कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री ईश्वर साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए।

**वितरित लाभ–**

सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 05 पासबुक

नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 04 बांड पेपर

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 59 सम्मान पत्र

07 हितग्राहियों को राशन कार्ड

67 लाभार्थियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए।

समाधान शिविर में राज्य शासन से श्री आर. प्रसन्ना, प्रभारी सचिव (जिला बेमेतरा), कलेक्टर रणबीर शर्मा, और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए और शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक शीघ्र पहुंचे।

शिविर में कुल 2148 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2097 मांगें और 51 शिकायतें शामिल थीं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 1811 मांगें और 13 शिकायतों का पंजीयन हुआ, जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति–** जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद्र पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, परमेश्वर वर्मा, नागेश्वर वर्मा, खिलेश्वरी रवि निषाद, प्रतिनिधि हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपुत , गणेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, देवराज वर्मा, तोषू सिंह वर्मा, गोवर्धन पटेल, समेत क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**प्रशासनिक अधिकारियों में** यू.के. मानकर (राजस्व), संतोष घोषले (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद साजा), तहसीलदार के.आर. वासनिक, एसडीओ आरईएस हसराज साहू, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ईश्वर साहू ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों के सभी आवेदन का समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त निराकरण करें, तथा स्वच्छ पेयजल और विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

*शिविर में स्वच्छता और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई, जिससे ग्रामीणों में पर्यावरण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ी।यह समाधान शिविर शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने और आम जनता के विश्वास को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।*

# शराब घोटाला...20 से ज्यादा जगहों पर रेड

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग में सुबह 4 बजे पहुंची ACB-EOW की टीमें; कवासी के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई दुर्ग जिला ब्यूरोचीफ रतन कुमार /छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ACB और EOW की टीम ने 20 से ज्यादा जगहों पर छापा मारा है। दुर्ग-भिलाई में 22 जगहों पर कार्रवाई जारी है। ACB और EOW की कई टीमें चार गाड़ियों में सुबह 4 बजे भिलाई पहुंची।

एक टीम हाउसिंग बोर्ड स्थित आम्रपाली अपार्टमेंट में अशोक अग्रवाल के घर पहुंची। दूसरी टीम नेहरू नगर में बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल के यहां दबिश दी। वहीं खुर्सीपार में विनय अग्रवाल के यहां दस्तावेजों की जांच चल रही है। इसके अलावा धमतरी और महासमुंद में भी जांच जारी है। दुर्ग-भिलाई में इन कारोबारियों के यहां कार्रवाई एसके केजरीवाल, नेहरू नगर, भिलाई अशोक अग्रवाल, आम्रपाली अपार्टमेंट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई विनय अग्रवाल, खुर्सीपार संजय गोयल, डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल, नेहरू नगर विश्वास गुप्ता, बिल्डर, दुर्ग बंसी अग्रवाल, नेहरू नगर आशीष गुप्ता, डायरेक्टर, आशीष इंटरनेशनल होटल सुपेला, नेहरू नगर स्थित घर में कार्रवाई।

क्या है शराब घोटाला ?

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ED जांच कर रही है। ED ने ACB में FIR दर्ज कराई है। दर्ज FIR में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ED ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में IAS अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी AP त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

ED की ओर से दर्ज कराई गई FIR की जांच ACB कर रही है। ACB से मिली जानकारी के अनुसार साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है श्रष्ठ का आरोप- लखमा सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे

ED का आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। वहीं शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में FL-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। वही ED का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। कमीशन के पैसे से बेटे का घर बना, कांग्रेस भवन निर्माण भी




ED के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि, 3 साल शराब घोटाला चला। लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे। इस दौरान 36 महीने में लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगे।

ईडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। शराब सिंडिकेट के लोगों की जेबों में 2,100 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई भरी गई। घोटाले की रकम 2100 करोड़ से ज्यादा

लखमा के खिलाफ एक्शन को लेकर निदेशालय की ओर से कहा गया कि जांच में पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था। इस घोटाले की रकम 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले में ED के मुताबिक ऐसे होती थी अवैध कमाई।

पार्ट-A कमीशन- CSMCL यानी शराब की खरीद और बिक्री के लिए राज्य निकाय द्वारा उनसे खरीदी गई शराब के प्रति 'केस' के लिए डिस्टिलर्स से रिश्वत ली जाती थी।

पार्ट-B कच्ची शराब की बिक्री- बेहिसाब कच्ची ऑफ-द-बुक देसी शराब की बिक्री हुई। इस मामले में सरकारी खजाने में एक भी रुपया नहीं पहुंचा और बिक्री की सारी रकम सिंडिकेट ने हड़प ली। अवैध शराब सरकारी दुकानों से ही बेची जाती थी।

**पार्ट-C कमीशन–** शराब बनाने वालों से कार्टेल बनाने और बाजार में निश्चित हिस्सेदारी दिलाने के लिए रिश्वत ली जाती थी। FL-10 A लाइसेंस धारकों से कमीशन ली गई, जिन्हें विदेशी शराब के क्षेत्र में कमाई के लिए लाया गया था।




## FL-10 लाइसेंस क्या है ?

FL-10 का फुल फॉर्म है, फॉरेन लिकर-10। इस लाइसेंस को छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब की खरीदी की लिए राज्य सरकार ने ही जारी किया था। जिन कंपनियों को ये लाइसेंस मिला है, वे मैन्युफैक्चर्स यानी निर्माताओं से शराब लेकर सरकार को सप्लाई करते थे। इन्हें थर्ड पार्टी भी कह सकते हैं।

खरीदी के अलावा भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम भी इसी लाइसेंस के तहत मिलता है। हालांकि इन कंपनियों ने भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम नहीं किया। इसे बेवरेज कॉर्पोरेशन को ही दिया गया था। इस लाइसेंस में भी A और B कैटेगरी के लाइसेंस धारक होते थे।

FL-10 A इस कैटेगरी के लाइसेंस-धारक देश के किसी भी राज्य के निर्माताओं से इंडियन मेड विदेशी शराब लेकर विभाग को बेच सकते हैं।

FL-10 B राज्य के शराब निर्माताओं से विदेशी ब्रांड की शराब लेकर विभाग को बेच सकते हैं।

# भाटापारा क्षेत्र में अवैध कब्जा बना नासूर

## प्रशासन को बुलडोजर चलाने के लिये अवैध कब्जाधारी विवश कर रहे है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे एक लंबे समय से अवैध कब्जा हटाओ अभियान नहीं चलाये जाने की वजह से महत्वपूर्ण सड़क, तालाब, गौठान, चारागाह, श्मशान, कब्रिस्तान व खेल मैदान के अलावा पुराना ट्रेंचिंग ग्राउंड के महत्वपूर्ण भूमि किसान राईस मिल की बहुमूल्य कीमती जमीन तथा पालिका राजस्व एवं नजूल प्रशासन की बेशकीमती भूमि पर अनवरत अवैध कब्जे बढते जा रहे है वहीं भाटापारा शाखा नहर के किनारे भी लगातार अवैध कब्जा करने वाले पहुंचने लगे है और बकायदा बिना स्वीकृति के कच्चे पक्के मकान दुकान तैयार हो रहे है गुरूनानक वार्ड, पंचशील नगर टेंहका भांठा मे तो अवैध कब्जा करने होड़ मची है व लोग रात दिन एक करके वहां पर अवैध कब्जा करने लगे है और तो और एक ही व्यक्ति एक से अधिक स्थानो पर जगह घेरकर अवैध रूप से दुकान मकान तान रहे है। रेल्वे प्रशासन के अधीनस्थ






ओव्हरब्रिज के नीचे आंबेडकर चैक से लेकर टेंहका गांव तक भी रेल लाईन के किनारे बडे पैमाने पर अवैध कब्जे हो रहे है जबकि रेल प्रशासन ने भाटापारा से निपनिया व भाटापारा से हथबंद के बीच चैथी रेल लाईन बिछाने का निर्णय लिया है उसके बावजूद लोग रेल लाईन के किनारे अवैध कब्जे से बडी तादाद मे मकान दुकान तैयार करते जा रहे है। अवैध कब्जे शहर के भीतर इस कदर हो गये है कि 40 फ ीट की सड़क अवैध कब्जो के कारण महज 20 फ ीट की रह गई है जिससे आवागमन मे आये दिन व्यवधान उत्पन्न हो रहा है शहर थाना से लेकर कालेज रोड तक की महत्वपूर्ण सड़क अवैध कब्जो की भेंट चढ गई है वहीं समूचा बस स्टैड क्षेत्र चारो तरफ अवैध कब्जो के जंजाल मे फं स चुका है इसी तरह नगर के ऐतिहासिक महत्व के तालाब कल्याण सागर के चारो तरफ अवैध कब्जा लगातार बढते जा रहा है जिससे की उक्त ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व मिटने के कगार पर पहुंचने लगा है इसी प्रकार के हालात कईहा तालाब, मयूर स्कूल के सामने स्थित तालाब, शीतला माता मंदिर के पीछे माता देवालय स्थित तालाब, हथनीपारा स्थित तालाब, नयागंज वार्ड स्थित पैठू डबरी के अलावा अन्य तमाम स्थानो पर बडी तादाद मे अवैध कब्जे होने से जहां एक ओर तालाब मैदान गौठान एवं शासकीय महत्वपूर्ण भूमि का अस्तित्व खतरे मे पड़ गया है वहीं महत्वपूर्ण सड़को की भी चैड़ाई कम होने से यातायात मे लगातार बाधा उत्पन्न हो रहीं है जनहित मे तमाम अवैध कब्जे बिना किसी पक्षपात के हटाये जाने के लिये जिला प्रशासन शीघ्र ठोस कदम उठावे जिसमे नजूल प्रशासन राजस्व प्रशासन मंडी प्रशासन पालिका प्रशासन रेल्वे प्रशासन की संयुक्त बैठक करके ठोस निर्णय अवैध कब्जा हटाने के संबंध मे लेवे व पर्याप्त पुलिस एवं सुरक्षा बल की तैनाती के बीच शहर व क्षेत्र मे अवैध कब्जा हटाने अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जावे।

**पंचशील नगर टेंहका भांठा में तो अवैध कब्जा करने होड़ मची**

*इसी तरह शहर से लगे गांव टेंहका, दतरेंगी, दतरेंगा, सूरजपुरा, खोलवा, तरेंगा, टिकुलिया, ढाबाडीह, पेन्ड्री, खपराडीह, राजाढार, खोखली, जरौद, सेमरिया, गांडाडीह, धौराभांठा क्षेत्र मे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जा का खेल चल रहा है। शहर से लगे गांव टेंहका मे अधिकांश लोग अपने मूल आवास को छोड़कर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने मे लगे है इन अवैध कब्जाधारियो द्वारा गांव के हरे भरे पेड पीपल बरगद को भी अवैध रूप से काटा जा रहा है कुल मिलाकर टेंहका मे बेखौफ होकर लोग हरे भरे वृक्ष को बलि दे रहे है व अवैध कब्जा करने की होड़ मे लगे है जिस पर प्रशासन को त्वरित कार्यवाही करना चाहिये।*

# सांसद विजय बघेल व विधायक ईश्वर साहू ने किया खाद गोदाम का लोकार्पण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

***थान खमरिया।** थान खमरिया समीप ग्राम लोधी कापा पंजीयन क्रमांक 356 सेवा सहकारी समिति गोदाम का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, तेली बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद पटेल जी, परमेश्वर वर्मा जी, साजा पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू जी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर के द्वारा लोकार्पण किया गया।*




कार्यकर्ताओं के द्वारा नरेंद्र मोदी, विष्णु देव साय, विजय बघेल जिंदाबाद के नारों से गूंजायमय हो गया। पश्चात मंची कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प गुच्छ, माला, दुपट्टा से अतिथियों का स्वागत किया गया। सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष तोशुराम वर्मा द्वारा अतिथियों को शाल व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। क्रमांक 356 सेवा सहकारी समिति के समस्याओं के अतिथियों का अवगत कराया गया। विधायक ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा। हमने बनाया, हम ही संवारेंगे आगे किसानों को प्रोत्साहित करते हुए , कहा कि खाद गोदाम बनने से ग्रामीण किसानों को सुविधा मिलेगी। खाद लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही खाद मिलेगा। आगे आपके द्वारा केंद्र राज्य सरकार की योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। आपके द्वारा आयोजन को सराहनीय बताया गया। आगे आपके द्वारा साजा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी समस्याओं को हमने पूरा किया। विधानसभा चुनाव में तोशु/अनीता वर्मा के द्वारा टमाटर वीडियो का वायरल किया गया था। वह प्रचार का माध्यम बना और चुनाव की सफलता में संजीवनी का काम किया। सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष प्रबंधक की प्रशंसा की पश्चात सांसद विजय बघेल ने भारत माता के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। आपके द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। पार्टी के रीति-नीति के हिसाब से चले। कोई छोटा बड़ा नहीं होता। आपके द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए। कहा उनके द्वारा विषम परिस्थिति में पार्टी को खड़ा किया। जिसके वट वृक्ष के नीचे आज हम लोग खड़े हैं। और खुली हवा में सांस ले रहे हैं। मन को बड़ा करके चले तभी राजनीति आगे बढ़ सकती है। और सभी के दुख सुख में हमेशा मैं साथ खड़ा हूं। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत में ने किया इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा साइबर थाना एवं सी.सी.टी.एन.एस. का औचक निरीक्षण

## तकनीकी दक्षता बढ़ाने एवं जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश

**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**

दुर्ग। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग द्वारा आज साइबर थाना दुर्ग रेंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन का भौतिक निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड, पंजियों एवं उपयोग में लाए जा रहे सॉफ्टवेयर की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने साइबर थाना प्रभारी को विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





आईजी श्री गर्ग द्वारा पोर्टल पर प्राप्त साइबर शिकायतों, केस ट्रैकिंग प्रणाली, अनुसंधान की प्रगति, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता तथा स्टाफ की संख्या की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मूलभूत सुविधाओं की कुछ कमी पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों के साथ-साथ प्रशिक्षित बल की आवश्यकता है। इस दिशा में सभी अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने तथा तकनीकी दक्षता में लगातार सुधार करने के निर्देश दिए गए।

आईजी ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में कर्मयोगी ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण लेने के भी निर्देश दिए, जिससे स्टाफ अद्यतन कानूनी जानकारी प्राप्त कर सके।




निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष का भी अवलोकन किया एवं नफीस, सीसीटीएनएस, साइबर पोर्टल तथा सिटीजन सर्विसेज से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के अंत में श्री गर्ग ने अधिकारियों को साइबर प्रहरी जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी रूप से आमजन तक पहुँचाने का सुझाव दिया, जिससे नागरिक सतर्क रहें और ऑनलाइन ठगी से बचाव कर सकें। उपरोक्त निरीक्षण में साइबर थाना दुर्ग रेंज प्रभारी निरीक्षक श्री तपेश्वर नेताम, उपनिरीक्षक डॉ. संकल्प राय सहित अन्य साइबर थाना, सीसीटीएनएस का स्टाफ एवं पुलिस पी आर ओ प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में विधायक ईश्वर साहू ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

## बेलगांव में 11 पंचायतों के ग्रामीणों ने लिया लाभ, योजनाओं की मिली सीधी जानकारी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया/बरगा।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव में आयोजित समाधान शिविर में साजा विधायक श्री ईश्वर साहू ने विशेष रूप से सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस शिविर में बेलगांव सहित क्षेत्र की 11 पंचायतों - ठेलका, बेलगांव, बेलतरा, चिल्फी, भेंडरवानी, सोमईकला, संबलपुर, सोमईखुर्द, बरगड़ा, भरदा एवं धौराभाठा - के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। विधायक श्री साहू ने विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने राशन कार्ड वितरण, जननी सुरक्षा योजना के तहत पोषण आहार वितरण, श्रमिक पंजीयन, राजस्व, आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र, पीएम आवास, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि आदि सेवाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की प्रशंसा की। उन्होंने शिविर में कहा, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है। यह शिविर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और सुशासन की भावना का सशक्त प्रतीक है।

### समाधान शिविर में सभी विभागों द्वारा जनजागरूकता पर दिया गया विशेष जोर

पुलिस विभाग द्वारा मोबाइल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और वाहन नियमों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सतर्क रहने, अनजान कॉल और संदिग्ध ट्रांजेक्शन से सावधानी बरतने के सुझाव दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उपस्थित अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस योजना में कोई भी लेन-देन या रिश्वत नहीं की जानी चाहिए। पात्रता अनुसार सभी को लाभ मिलेगा और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। विद्युत विभाग ने बिजली बिल, मीटर से संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षा के उपाय बताए। कृषि विभाग द्वारा फसलों के अनुदान, बीज वितरण एवं नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई। राजस्व विभाग ने आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रियाएं बताई और मौके पर प्रमाण पत्र बनाए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण विभागों ने भी शिविर में सहभागिता कर आम जनता को उनके अधिकारों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी, गोविंद पटेल, परमेश्वर वर्मा, जिला जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, तोषू सिंह वर्मा, रामकुमार साहू, लव पटेल, रवि निषाद, चन्द्रशेखर राजपूत, पीलु वर्मा, रमाकांत वर्मा, रमेश, मिथुन वर्मा, राजेश साहू, धरमपाल पटेल , आदर्श जोशी, गिरधारी निर्मलकर, भुपेंद्र वर्मा, भाजपा नेता ज्वाला सिंह राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस आयोजन में उपस्थित रहे।

# बंद कमरे में मिली नग्न अवस्था में लाश

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** घर में नग्न हालत में मिली युवक की लाश, पत्नी मायके गई थी, बदबू ने उगला राज ,अटैक से मौत की आशंका.. दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र के डूमरडीह गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बंद घर से तेज़ दुर्गंध आने लगी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। दरवाज़ा टूटा तो सामने थी दिल दहला देने वाली तस्वीर सूचना मिलते ही उतई पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जब मकान का दरवाज़ा खोला गया, तो भीतर का मंजर देख सब सन्न रह गए। घर के अंदर एक युवक की नग्न हालत में सड़ी-गली लाश पड़ी थी। शव लगभग तीन दिन पुराना था। मृतक की पहचान मुख्तार सिंह सतनामी के रूप में हुई शव की पहचान 45 वर्षीय मुख्तार सिंह सतनामी के रूप में हुई, जो इसी घर में अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि पत्नी बच्चों को लेकर तीन दिन पहले मायके गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पत्नी ने बताया—बीमार था मुख्तार, रहती थी सुगर और बीपी की दिक्कत



शांति ने बताया कि जब वह मायके गई थी, तब मुख्तार पूरी तरह ठीक था। हालांकि उसे शुगर और ब्लड प्रेशर की परेशानी रहती थी और वो बीमार भी अक्सर रहता था। अटैक से मौत की आशंका, लेकिन उठे सवाल पुलिस का कहना है कि संभवतः मुख्तार को अटैक आया होगा और समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। लेकिन स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर कहना है कि यदि मौत सामान्य होती, तो युवक नग्न हालत में क्यों मिलता?

### खून या बॉडी फ्लूड? फॉरेंसिक टीम ने किया खुलासा

घर के अंदर जब पुलिस पहुंची, तो शव के पास कुछ खूननुमा तरल पदार्थ दिखाई दिया। लोगों ने इसे देखकर हत्या की आशंका जताई। हालांकि फॉरेंसिक टीम ने जांच के बाद बताया कि वह दरअसल बॉडी फ्लूड था, जो लाश के सड़ने से निकला था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार, पुलिस जांच जारी

मुख्तार की लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## जांजगीर रैली में स्थानीय कांग्रेसजन हुये शामिल



**भाटापारा।** जांजगीर में आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिन शर्मा, दिवाकर मिश्रा, वैभव केशरवाणी शामिल हुये।

## 10 साल बाद पकड़ाया 65 लाख की चोरी का मास्टरमाइंड

भिलाई स्टील प्लांट से 5 हजार किलो के नट उड़ाए थे..

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

भिलाई से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां 10 साल पुराने 65 लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने आखिरकार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी कोई आम नहीं थी—बल्कि पांच ऐसे नट चोरी किए गए थे, जिनका वजन करीब 5 हजार किलो था। ये सनसनीखेज मामला 23 जून 2015 का है, जब भिलाई स्टील प्लांट के प्लेट मिल एरिया से इंडस्ट्रियल नट्स चोरी हुए थे। एक नट का वजन 4674 किलोग्राम था और ये बड़े प्लांट्स में लगाए जाते हैं। डीजीएम गहन सेन गुप्ता की शिकायत पर भट्टी थाने में FIR दर्ज की गई थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया और जांच



शुरू की। चोरी के लिए ट्रक CG 07 AV 2670 का इस्तेमाल हुआ था। आरोपियों ने फर्जी चालान बनाकर संयंत्र में घुसपैठ की और पांचों नट लेकर फरार हो गए।

चार आरोपी—उस्मान बेग, शशिकांत मिश्रा, अंकित तिवारी और जितेंद्र चौहान—पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे। लेकिन मुख्य आरोपी रवि सोनी पिछले 10 सालों से फरार चल रहा था।रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि रवि सोनी जामुल इलाके में छिपा हुआ है। टीम ने फौरन छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## ऋषभ ने किया नगर को गौरवान्वित

**थानखम्हरिया।** नगर के प्रतिभावान छात्र ऋषभ अग्रवाल ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर एवं समाज को गौरवान्वित किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली सेक्टर के विद्यार्थी ऋषभ ने सोशल साईंस में 98, स्टैण्डर्ड गणित तथा साईंस में 96, इंग्लिश में 94 तथा हिंदी में 92 अंक प्राप्त किया। ऋषभ, नगर के प्रतिष्ठान नवीन मेडिकल स्टोर्स के संचालक नवीन अग्रवाल का पुत्र है। प्रारंभ से ही मेधावी रहे ऋषभ की उत्कृष्ट सफलता पर डॉ आर. पी. शर्मा, पुरूषोत्तम अग्रवाल, आशीष बंसल, यशेष अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, मनजीत सिंह विरदी, गोपाल अग्रवाल आदि ने बधाई दी।



## वेदांत जोशी ने दसवीं सीबीएसई में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बेमेतरा।** नगर मे प्रतिष्ठित जोशी परिवार के वरिष्ठ नागरिक बलदेव जोशी के पपौत्र वेदांत जोशी जो कि एकेडमी हाइट बेमेतरा के विद्यालय मे अध्यनरत है कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में 75.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है उनकी इस उपलब्धि में जोशी परिवार के सभी सदस्यों मित्र गणों ने उन्हें बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



## राजस्व विभाग का अनूठा कारनामा किसान का बोरपम्प को कर दिये दूसरे किसान के नाम पर

कलेक्टर से गुहार लगाई किसान ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम टेंहका मे राजस्व विभाग की नियम विरूद्ध कार्यवाही के चलते एक किसान के खेत मे स्थित बोरपंप को दूसरे किसान के नाम कर दिये जाने का मामला सामने आया है। उक्त संबंध मे ग्राम टेंहका के कृषक चन्द्रकांत यादव ने लिखित शिकायत मे कहा है कि सामान्यतरू अगर किसी जमीन विवादित हो तो उक्त जमीन जगह का सीमांकन होना चाहिए ततपश्चात नामांतरण फिर कब्जा होना चाहिए लेकिन भाटापारा राजस्व विभाग की अपना अलग नियम कानून हैं। ग्राम टेहका के कृषक चंद्रकांत के जमीन में स्तिथ बोरपम्प को कब्जा करने के लिए पहले नामान्तर किया फिर कब्जा किया उसके बाद सीमांकन किया। हल्का पटवारी श्रीमती मनीषा सिंग ने ग्राम टेहका निवासी कृषक चंद्रकांत यादव के जमीन खसरा नम्बर 366/2 में स्थित बोरपम्प को गोपनीय ढंग से बिना सीमांकन किये कृषक रामखिलावन उर्फ समीर ध्रुव के जमींन खसरा नम्बर 368 में वर्ष 2023 में दर्ज कर दिये। तत्पश्चात रामखिलावन ध्रुव ने फरवरी 2024 में बलपूर्वक उक्त बोरपम्प पर कब्जा कर लिया। उस वक्त कृषक चंद्रकांत यादव के खेत मे धान और गेहूं का फसल लगा हुआ जो बिना पानी के पूरी तरह नष्ट हो गया इस सम्बंध में कृषक द्वारा कलेक्टर, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को शिकायत किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। राजस्व विभाग द्वारा अपने उक्त कृत्य को सही साबित करने के लिये अप्रेल में 2025 में सीमांकन मे किया गया। पटवारी द्वारा कृषक चंद्रकांत के खसरा में यह भी दर्ज कर दिया गया कि कृषक अपने भूमि में सिचाई के लिए खसरा नम्बर 364 में स्थित बोरपम्प जो श्रवण ध्रुव का है से पानी लेता है। जबकि कृषक विगत 5-6 वर्षों से अपने खुद की बोरपम्प का उपयोग करते हुए निरन्तर विधुत बिल का भुगतान करते आ रहे थे। विभाग में भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर हैं। तभी तो नियम विपरीत पहले सीमांकन फिर नामांतरण ततपश्चात कब्जा के बजाय पहले नामांतरण फिर कब्जा ततपश्चात सीमांकन कर रहे हैं। उन्होने जिला कलेक्टर से इंसाफ की गुहार लगाई है।



# समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को खत्म करना -शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामवासियो से सावंद किया शिवरतन शर्मा ने क्रमशरू पहले सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में सम्बंधित अधिकारियो से जानकारी ली शिवरतन शर्मा ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुये कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। सरकार जनता से किये गये हर वादे को गंभीरता से लेते हुये उसे पूरा करने में जुटी है। विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे। सरकार ने इस वादे को प्राथमिकता दी और सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है शिवरतन शर्मा ने कहा की समाधान शिविर में हो रही समस्याओं के समाधान को देखकर नागरिक अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंच रहे हैं। शिविर में तमाम विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहती है और समस्या को ध्यान में रखते हुये अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने बताया कि सरकार ने जिन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर की पहल की थी। वह सार्थक हो रही हैं और जनता को त्वरित समाधान मिल रहा हैं समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है। उक्त अवसर पर पवन वर्मा, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ रामजी पाल, सरपंच कनक मनहरे, संतोष यदु, सुनील यदु, दीनबंधु दुबे, बूधेश्वर वर्मा व शिव यदु सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नशे के सौदागर हेरोइन(चिट्टा) के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



65 ग्राम हेरोइन(चिट्टा), इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र, 02 मोबाईल, 01 कार टोयटा कुल कीमती 8,00,000 रूपये जप्त

**दुर्ग।** जामुल थाना क्षेत्र मे स्थित होटल, लॉज, ढाबा चेकिंग किया जा रहा था। ग्राम कुरूद स्थित होटल रूद्राक्ष के कमरा नंबर 106 की चेकिंग के दौरान कमरे में रूके दो व्यक्ति पुलिस को अचानक देखकर सकपकाते हुए गोल-मोल जवाब देने लगे और बार-बार अपने जेब को छुने लगे संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना नाम वैभव सोनी एवं शुभम सिंह जो हाउसिंग बोर्ड भिलाई के रहने वाले बताये। आरोपियों की तलाशी लिया गया। आरोपी वैभव सोनी के जेब से 65 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) मादक पदार्थ, कीमती 3,90,000 रूपये एवं इलेक्ट्रानिक छोटा तौल मशीन मिला। मादक पदार्थ के बारे में आरोपियों से पूछताछ करने पर हेरोईन (चिट्टा) बिक्री करने हेतु लाना स्वीकार किया। आरोपियों से 02 मोबाईल एवं कार ग्रे कलर टोयटा कंपनी को जप्त किया गया। आरोपियों को आज दिनांक 19.05.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सउनि महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, चन्द्रभान यादव, अतुल सिंह, महात्मा साहू, फराज खान का विशेष योगदान रहा।

# महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अथर्शास्त्र विभाग द्वारा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आनंद मिंज के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया है। जिसमें आमंत्रित वक्ता डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर ने सुटेबल डेव्हलपमेंट गोल विषय पर व्याख्यान दिया जिन्होंने सतत विकास लक्ष्य वर्तमान पीढ़ी गरीबी, भूख और असमानता, शिक्षा स्वास्थ्य, वैश्विक आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. अंशुमाला चंदनगर, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय वामनराव ताम्रक र स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने इंडियन इकोनामी एंड न्यू डाईमेंशन इन रूरल डेव्हलपमेंट विषय पर व्याख्यान दिये उन्होंने भारत के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुये आर्थिक, विकास, गरीबी व रोजगार के अवसर एवं वैश्विकरण आदि पर विस्तृत चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ. शशि किरण कुजूर ने अतिथि वक्ताओं के विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुये अर्थशास्त्र परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया। मंच का संचालन राजू एवं विनती मिश्रा ने किया एवं सुश्री इंद्राणी मरकाम ने छात्र-छात्राओं का व्याख्यान विषय की उपयोगिता को बताते हुये वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। अतिथि व्याख्याता खिलौना कन्नौजे ने उक्त आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। व्याख्यान में बड़ी संख्या में विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का सफल आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विकास कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत थानखमरिया नगर पंचायत अंतर्गत परशुराम भवन में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सूचना एवं समाधान के लिए स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम जनता की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। शिविर में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 मांगें और 5 शिकायतें थीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी गई एवं त्वरित समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राजेश ठाकुर ने समाधान शिविर का अवलोकन कर उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है, जिससे भविष्य में समस्याओं से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई, साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। समाधान शिविर जनता और शासन के बीच संवाद और सहयोग का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, जिससे सुशासन के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में प्रदेश अग्रसर है।

# रेल प्रबंधक योगेश देवांगन ने किया अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण





अंबिकापुर..भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का आज निरीक्षण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेश देवांगन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान देवांगन ने स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा हेतु किए गए विकास कार्यों का जायज़ा लिया। इनमें स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, यात्री प्रतीक्षालयों का उन्नयन, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्लेटफार्म सौंदर्यीकरण, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए सभी व्यवस्थाओं को नियमित रूप से परखा और संचालित किया जाए। साथ ही स्टेशन परिसर की स्वच्छता एवं यात्री सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखने पर विशेष बल दिया।श्री देवांगन ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करना है। अंबिकापुर स्टेशन का विकास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस दौरान वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने मीडिया से चर्चा कर पुनर्विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

# प्रगति अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ 12वीं परीक्षा में सर्वाधिक 98.5% अंक हासिल किया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**सरगुजा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में कमाल करते हुए लखनपुर के जय दुर्गा परिवार की होनहार बेटी प्रगति अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक 98.5त्न अंक हासिल करते हुए परिवार के साथ-साथ सरगुजा का मान बढ़ाया है, लखनपुर के राइस मिल संचालक राजेंद्र अग्रवाल की पुत्री प्रगति अग्रवाल रायपुर के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती हैं, मोबाइल से दूरी बनाकर स्कूल के अलावा घर में भी नियमित 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई करते हुए यह सफलता हासिल की है,,

– दरअसल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के परीक्षा के परिणाम सामने आ गए हैं जहां रायपुर के ह्य॥ गोयल वर्ल्ड स्कूल में पढ़ने वाली सरगुजा की बेटी ने एक बार फिर जिले का नाम गौरवान्वित कर दिया है, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले की मेधावी छात्र प्रगति अग्रवाल ने 98.5त्न अंक हासिल करते हुए जिले का नाम रौशन किया है, तो वही प्रगति



इसका श्रेय अपने गुरुजन और परिजनों को दिया है, वही प्रगति आगे चलकर फैशन डिजाइनर बनना चाहती है, जिसके लिए वह अब फैशन डिजाइनर का कोर्स करने की बात कही है,

– इधर मेधावी छात्रा प्रगति अग्रवाल के फैशन डिजाइनर बनने को लेकर परिजनों ने भी अपनी सहमति जाता दी है और उसके इस सपने को पूरा करने हमेशा उसके साथ खड़े होने के बात पिता ने की है, बेटी की सफलता से पिता के चेहरे में खुशी की झलक साफ देखने को मिल रही है, लगातार बधाई देने लोग प्रगति के घर पहुंच रहें है, स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्थानीय विधायक सहित मंत्री राम विचार नेताम ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

– गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व दसवीं के परीक्षा का परिणाम सामने आया था जिसमें जिले की तीन छात्राओं ने जिले का मान बढ़ाया था तो वहीं एक बार फिर 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरगुजा की छात्रा ने सर्वाधिक अंक लाकर जिले का मान बढ़ा दिया है,,

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का मान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया







**थानखम्हरिया।** सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में नगर के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अग्रवाल समाज सहित नगर को गौरवान्वित किया। नगर की लहर सिंघानिया पिता ब्रजेश सिंघानिया ने 94.4 प्रतिशत, यश अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल ने 91.6 प्रतिशत तथा भूमि अग्रवाल पिता आनंद अग्रवाल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। सभी एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के विद्यार्थी हैं। अग्रवाल समाज के इन तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इस सफलता पर समाज में हर्ष है। समाज के पुरूषोत्तम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, साकेत सिंघानिया, हितेश अग्रवाल, यशेष अग्रवाल, विकास बंसल, अतुल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, जीवेश डोकानिया आदि ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोराने कहा कि यह विद्यार्थी परिवार और विद्यालय के लिए गौरव का विषय है साथ ही आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत भी है छात्रों को परीक्षा के लिए पहले से मानसिक रूप से तैयार किया जाता है मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की

## युवक को तंबाकू मांगना पड़ा महंगा

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर** – तमाखू मांगने की बात से नाराज एक युवक ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है, इधर घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लेजाया गया, वही पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है जहां पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, दरअसल पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र के गोधनपुर का है, जहां एक घर में चल रहा है कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डिगमा निवासी कमलेश के द्वारा पंडित नामक युवक से तमाखू मांगना इतना महंगा पड़ गया कि गुस्साए युवक ने पीड़ित कमलेश कि पहले मुक्के से पिटाई कर दी और फिर धार धार ब्लेड नुमा हथियार से उसके चेहरे पर हमला कर



मौके से फरार हो गया, इधर पीड़ित के साथ पहुंचे लोगों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसके गाल पर 40 से अधिक टांके लगाए जाने की बात बताई गई है,वहीं पीड़ित ने इसकी शिकायत गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है, इधर गांधीनगर पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है

## ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा

**भाटापारा।** शंकराचार्य विद्यापीठ ढाबाडीह मे हायर सेकेण्डरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा मे स्कूल मे अध्ययनरत छात्रा रिया वर्मा ग्राम दावनबोड़ ने 93.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं परशुराम वार्ड निवासी आर्यन साहू ने 90.83 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा दुर्गेश वर्मा ग्राम बोड़तरा ने 86.33 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान







प्राप्त किया। इसी तरह स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओ ने भी अपेक्षा के अनुरूप अच्छे अंको से उर्तीण कर स्कूल परिवार व समाज का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी सफ लता पर स्कूल के प्राचार्य शिक्षक व मनोज गुप्ता ने सभी सफ ल छात्र-छात्राओ को बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्वनी शर्मा शामिल हुये सुराज संगम कार्यशाला में

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर सुराज संगम कार्यशाला मे विभिन्न जनप्रतिनिधियो के साथ भाग लिया। उपरोक्त अवसर पर नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियो को मार्गदर्शन प्रदान करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव विशेष रूप से उक्त कार्यशाला मे शामिल हुये। इस दौरान साय व साव ने नगरीय क्षेत्रो मे केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के समन्वित क्रियान्वयन को विस्तारपूर्वक उपस्थित पालिका के जनप्रतिनिधियो को बताया साथ हीं उन्होने कहा कि आगामी 05 वर्षो की नगरीय विकास कार्ययोजना को लेकर ऐसे कार्ययोजना तैयार किये जाये जिससे स्मार्ट शहर स्वच्छ नगर और सशक्त नगरो के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके। उपरोक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा ने भाटापारा पालिका क्षेत्र मे स्वास्थ्य एवं शिक्षा जनसमस्या सड़क व प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ करने की बात कही।

### अश्वनी शर्मा ने ट्रायसिकल व सहायता राशि का वितरण किया

**भाटापारा।** पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों को सहायता देने के क्रम मे शुक्रवार को पालिका परिसर मे एक कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष के हाथो दिव्यांग देवेश पर्यानी को आवश्यकतानुसार व्हील चेयर प्रदान की गई जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा सुनिश्चित हो सके। साथ ही श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही कुटिन सौरा को स्वीकृत सहायता राशि दी गई। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ नंदकिशोर वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मंधान, सतीश साहू, देवेंद्र साहू, गोपी ध्रुव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान उपस्थित थे।



### शिवरतन शर्मा श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुंचे

**भाटापारा।** श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से हमारा जीवन सार्थक हो जाता है जीवन मे नाकारात्मक विचारो व खबरो से सामना कर रहे लोगो को भागवत कथा जैसे कार्यक्रम मे कथा श्रवण करने से मन की शांति प्राप्त होती है वहीं धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग ईश्वर के उपदेश हमको जीवन मार्ग दिखाते है उक्ताशय के विचार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने लिंक रोड मे चौबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम मे कथा श्रवण के बाद उपस्थित लोगो के बीच कही उन्होने व्यासपीठ पर विराजित कथा व्यास आचार्य युवराज पांडे से आर्शीवाद ग्रहण करते हुये क्षेत्रवासियो के लिये सुख समृद्धि की मंगलकामना की। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा के साथ भाजपा नेता राकेश तिवारी व सुनील यदू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।



# भाटापारा मंडी में दूसरे दिन भी धान की बंपर आवक, यातायात जाम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे बुधवार को फि र एक बार नये धान व उन्हारी उपज की बंपर आवक हुई जिसके चलते एक बार फि र संपूर्ण शहर का यातायात चारो तरफ बाधित रहा मुख्य मंडी गेट से लेकर कुर्मी छात्रावास हास्पिटल रोड तक सैकड़ो की तादाद मे चैपहिया वाहन जिसमे ट्रक, ट्रेक्टर, मेटाडोर, माजदा, पिकअप, डीआई सहित अनेक वाहनो मे हजारो बोरा धान लदे हुये दस से बारह घंटे तक सड़क पर खडे रहे क्योकि मंडी प्रांगण मे भारी आवक के कारण जगह नहीं होने की वजह से दूर दराज से आये तमाम किसान व उनकी उपज लेकर पहुंचे वाहन चालक कड़कड़ाती धूप मे तपस्या करते हुये खडे रहे यह सिलसिला पिछले दो दिन से निरंतर जारी है। ज्यादातर किसान दूरस्थ जिलो के शिवरीनारायण, पचपेडी, मस्तूरी, मल्हार के अलावा महासमुंद, मुंगेली, बेमेतरा, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ सहित अन्य जिलो के गांव से अपनी उपज बेचने पहुंचे थे लेकिन मंडी प्रांगण मे बंपर आवक के चलते किसानो को अपनी उपज बेचने भीषण गर्मी मे पसीना बहाना पड़ रहा है जिसके कारण किसानो के साथ साथ माल लेकर आये वाहन चालको को भी इंतजार मे घंटे व दिन बिताने पड रहे है। नये धान व उन्हारी की बंपर आवक के कारण शहर के चारो ओर यातायात बाधित हो रहा है लेकिन जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व किसानो की समस्या का गंभीरता से निराकरण नहीं किये जाने से लोग हलाकान है। जिसमे शहर के आम नागरिक भी रास्ता जाम से परेशान होकर दूसरे मार्गो से लंबी दूरी तयकर बैंक बीमा हास्पिटल जा रहे है। ज्यादातर किसान भाटापारा मंडी मे धान की उपज का अच्छा भाव व त्वरित भुगतान मिल जाने के कारण यहां पहुंच रहे है बहरहाल मंगलवार को मंडी प्रांगण मे जहां 40 हजार बोरे धान की आवक हुई वहीं बुधवार को भी 42 हजार बोरे धान की आवक होने का अनुमान है इस बीच अनेक बिचैलिये व ब्रोकर्स रास्ते से ही अनेक धान लदी ट्रक ट्रेक्टर व अन्य वाहनो का रास्ते मे ही सौदा कर विभिन्न राईस मिल व पोहा मिल की ओर ले गये।

# चांवल भरी ट्रकों को सिद्ध बाबा से न भेजने एसपी को ज्ञापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय सीडब्ल्यूसी द्वारा नहर पार चांवल से भरी ट्रक को नहर पार रास्ता होते हुये सिद्ध बाबा न भेजने के लिये आज ग्रामीणो ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है उन्होने बताया कि आये दिन दुर्घटना होते रहती है जिसको लेकर ग्रामीण चाहते है कि अन्यत्र रास्ते से उसे चलाया जाये ग्रामीणो ने मांग की है कि समस्या का निराकरण प्रशासन द्वारा किया जाये। स्थानीय सीडब्ल्यूसी द्वारा चांवल भरी ट्रको को भेजने के लिये जो रास्ता प्रशासन ने तय किया है उससे सिद्ध बाबा सहित माता देवालय व दीन दयाल वार्ड जैसे सघन आबादी वाले रहवासियो के लिये जान संसत मे बनी हुई है। प्रशासन ने वेयर हाउस से सिद्ध बाबा स्थित माल धक्का के लिये चांवल लोडिंग अनलोडिंग के लिये जो रास्ता तय किया है उस रास्ते का दीन दयाल वार्ड, सिद्ध बाबा व सेंन्ट मेरी स्कूल के आस पास के निवासी विरोध कर रहे है यही हाल सिद्ध बाबा ग्राम का भी है जहां पर आये दिन हो रही दुर्घटना से परेशान ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा है कि वेयर हाउस से चांवल से भरी ट्रक को रेक मे लोडिंग करने भेजा जाता है जिस रास्ते का प्रशासन ने आवागमन के लिये तय किया है वह रास्ता बस स्टैड ओव्हरब्रिज व सेन्ट मेरी स्कूल,



दीन दयाल वार्ड होते हुये सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पार करके माल धक्का के लिये ट्रक जाती है ट्रको के निरंतर आवाजाही के चलते कई दुर्घटनाये भी घटित हो चुकी है डेढ वर्ष पूर्व सिद्ध बाबा के एक ग्रामीण इतवारी राम देवांगन का ऐसे ही किसी ट्रक से दुर्घटना होने के कारण मौत हो गई सिद्ध बाबा व दीन दयाल वार्ड के कई निवासी को आये दिन चोटिल होना पड़ता है इसको लेकर कई पत्र जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक को बीते एक वर्षो मे दिया जा चुका है किन्तु इस पर आज तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका जिस केनाल रोड को चांवल भरे ट्रक के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है वह सघन आबादी से होकर गुजरती है सिद्ध बाबा की पूर्व सरपंच प्रेम चैबे ने बताया कि हमने कई बार मांग पत्र भेज चुके है कि इस सघन आबादी के बजाय ट्रको को लिंक रोड होते हुये पेन्ड्री बाईपास से माल धक्का भेजा जाये किन्तु प्रशासन ने आज तक हमारी नहीं सुनी जिसको लेकर के हम लोग काफ ी परेशान है। पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक यह मांग करते है कि इस संबंध मे तत्काल ही निराकरण किया जाये। वहीं एक जानकारी के अनुसार उक्त केनाल रोड को वर्ष 2017 मे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने एक पत्र के माध्यम से उक्त केनाल रोड को सघन आबादी होने के कारण एवं ज्यादातर बंद रहने वाले सिद्ध बाबा फ ाटक के कारण वनवे घोषित किया हुआ है जिसके आधार पर सिद्ध बाबा से भाटापारा की ओर आने वाली वाहनो को आने की अनुमति दी गई है भाटापारा से उक्त रास्ते पे जाने की अनुमति नहीं है उस रोड पर जाने पर यातायात पुलिस ने ट्रको का भी चालान काटा है ऐसी परिस्थितियो मे इस पर निर्णय लिया जाना बेहर आवश्यक है। इसको लेकर नाराज ग्रामीणो ने चांवल से भरी वाहनो को पेन्ड्री बाईपास होते हुये भेजने की मांग की है अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिख संगठन धार्मिक यात्रा के लिये रवाना

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित गुरु द्वारा बंगला साहिब, दिल्ली, नानकमत्ता साहिब, रीठा साहिब, नैनीताल मसूरी, पाऊटां साहिब, आनंदपुर साहिब, अमृतसर पंजाब धार्मिक यात्रा 6 मई को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा धार्मिक यात्रा मे पहुची संगत का स्वागत किया। जत्थेदार बलजीत सिंह चावला, गुरुमीत सिंह टोंनी व गुरु चरण सिंह ने बताया इस वर्ष यात्रा अपने 12 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी श्रद्धालु शामिल हैं। लगभग 180 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिये गुरुद्वारा गुरु सिंध सभा द्वारा लंगर भेजन की व्यवस्था की गई है। यात्रा का कार्यक्रम 6 मई रायपुर से रवाना होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, कर यात्रा सुबह17 मई रायपुरपहुंचेगी। इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, संरक्षक हरपाल सिंह भामरा, अरूण छाबड़ा, हरमिंदर चावला, आलोक मोदी, अनिल जायसवाल, अमरजीत सलूजा, बलवंत छाबड़ा, यशदीप छाबड़ा, गुरमीत सिंह टोंनी, निर्वैर सिंह सागर, गुरु चरण सिंह नीकू, मोनू सलूजा व यसवंत सिंह सहित समाज के प्रमुख लोग शामिल हुये।



### डॉ.इन्द्राणी द्वारा रचित हिंदी बाल गीत संग्रह का विमोचन

**भाटापारा।** नगर की साहित्यकार डॉ. इन्द्राणी साहू साँची की पाँचवीं कृति नन्ही दुनिया हिंदी बालगीत संग्रह का विमोचन राजधानी में हुआ। वृंदावन हॉल में आयोजित छन्द के छ स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अभिलाषा बेहार सचिव छ. ग. राजभाषा आयोग अध्यक्षता रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर एवं विशेष अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर थे। छन्द के छ के संस्थापक अरुण निगम के संयोजन में आयोजित गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 छन्दबद्ध कृतियों का विमोचन हुआ। रचनाकारों को छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. इन्द्राणी साहू साँची भी छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान से सम्मानित हुई। विमोचन कार्यक्रम में 22 जिलों से सैकड़ों साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 20 छन्दकार शामिल हुये कृति के विमोचन पर दुर्गा प्रसाद साहू, वरिष्ठ साहित्यकार, बल्देव भारती, नरेंद्र वर्मा, अजय अमृतांशु, रघुनाथ पटेल, मुकेश शर्मा, जगदीश साहू, कन्हैया श्रीवास, कन्हैया साहू अमित, हेमंत दास मानिकपुरी, डॉ. सीमा अवस्थी, मनीष तिवारी व हेतराम कुर्रे आदि साहित्यकारों ने डॉ. इन्द्राणी साहू को बधाई दी है।



### भाजपा कार्यालय में महिलाओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** स्थानीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय मे भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सदस्यो ने ऑपरेशन सिंदूर के कदम की तारीफ करते हुये आतंकवादियो के हमले के विरोध मे उक्त ऑपरेशन को जायज ठहराते हुये पहलगाम हमला सहित ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय पक्ष से शहीद हुये जवानो को श्रद्धांजलि दी। उपस्थित भाजपा नेत्रियो ने भारतीय सैनिको द्वारा 25 मिनट मे ही सौ से अधिक आतंकवादियो को खत्म किये जाने की प्रशंसा करते हुये इसे उचित कदम बताया। उक्त अवसर पर सुखवती साहू, परागा साहू, बबीता, सोना, शीला, नामदेव, सरिता लहरे, दुलारी मानिकपुरी, सलमा बेगम, आयशा खान, तनुजा घृतलहरे, मीना सोनी, रागिनी डोंडे, कुसुम ध्रुव व गीता बेपारी सहित बडी संख्या मे अन्य महिलायें उपस्थित थी।



### सतीश अग्रवाल चुने गये जेसिस अध्यक्ष



**भाटापारा।** शहर की सेवाभावी जेसिस क्लब के नये द्विवार्षिक चुनाव मे सतीश अग्रवाल को सर्व सम्मति से जेसिस क्लब का अध्यक्ष चुना गया है वहीं क्लब के उपाध्यक्ष के रूप मे शिवनारायण गुप्ता, सचिव शंकरलाल सोनी, सहसचिव एडवोकेट मोहनलाल केशरवानी तथा कोषाध्यक्ष पद पर अखिल गोल्हानी चुने गये है। जेसिस समिति के संरक्षक मंडल मे रमेश गुप्ता, बी राघव राव चुने गये है।

# भाटापारा मंडी में रिकार्ड तोड़ धान की आवक

## व्यवस्था बनाये रखने किसानों को विश्रामगृह मे दी जा रहीं है सुविधा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे रबी फ सल की बंपर आवक का सिलसिला अनवरत बना हुआ है। फ लस्वरूप मंडी के चारो दिशाओ मे धान लदे वाहनो का रेला लगा हुआ है इस स्थिति मे अनेक सड़क मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई है। चूंकि मंडी के एक बडे भू-भाग पर अवैध कब्जा पूर्व से है जिसे हटाया गया था वहां पर अवैध कब्जाधारी पुनरू काबिज हो गये है उसके चलते वर्तमान मंडी परिसर आवक के हिसाब से छोटा पड़ रहा है इस वर्ष कृषि उपज मंडी मे भारी आवक के कारण क्रम बद्ध तरीके से कृषि उपज से लदे वाहनो को मंडी के प्रांगण मे प्रवेश दिया जा रहा है फलस्वरूप बडी तादाद मे आस पास व दूर दराज जिलो से आये किसानो व वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उक्त विषय पर कृषि उपज मंडी समिति ने संज्ञान लेते हुये कृषक विश्रामगृह मे विपणन कार्य संपन्न तक आराम सुविधा देने के लिये विश्रामगृह मे कूलर गददा तकिया सहित ठंडे पेयजल की व्यवस्था मंडी प्रशासन द्वारा की गई है। साथ ही मंडी प्रशासन ने व्यवस्था बनाये रखने के लिये अन्य सभी कदम उठाने का निर्देश मंडी के अधिकारी कर्मचारियो को दिया है। मंडी प्रशासन द्वारा विभिन्न गेट से तौल कार्य संपन्न होने के बाद प्रांगण को खाली कराने के लिये त्वरित निकासी की व्यवस्था भी की है। प्रांगण के खाली होते ही सड़क पर खडे वाहनो को क्रम बद्ध ढंग से प्रांगण मे प्रवेश दिया जा रहा है साथ ही सड़क पर वाहनो व कृषि उपज की सुरक्षा हेतु मंडी प्रशासन ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त के साथ साथ पेट्रोलिंग की व्यवस्था मंडी क्षेत्र मे किये जाने के लिये पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियो से किसान व उनके उपज लेकर आये वाहन चालक परिचालक परेशान न हो सके। फि रहाल बंपर आवक को देखते हुये भाटापारा कृषि उपज मंडी समिति के तमाम अधिकारी कर्मचारी किसानो के हित मे व्यवस्था बनाये रखने मुस्तैदी से कार्य कर रहे है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में सुशासन तिहार का आयोजन, हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण में हुआ



**भाटापारा।** स्थानीय स्वर्गीय ईतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण मे प्रदेश शासन के सुशासन तिहार का तृतीय चरण का शिविर आयोजित किया गया। जिसमे क्षेत्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुये। उक्त शिविर मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी उपस्थित होकर शिविर मे शामिल होकर आम लोगो के समस्याओ को सुनते हुये अनेक समस्याओं का त्वरित तौर पर समाधान कराया। जिसमे अनेक राशन कार्ड व शासन के अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुये लोगो को उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिया गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उक्त अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार जैसे शिविर आयोजित कर शासन जनता के घर तक सभी शासकीय योजनाओं को पहुंचा रहीं है इस दिशा मे विष्णुदेव सरकार कटिबद्ध है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर से जनता व प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है समस्याओं का त्वरित समाधान केवल सुशासन की ही नहीं बल्कि जन विश्वास की भी आधारशिला है। भाजपा सरकार पूरी निष्ठा से प्रदेश की जनता के हित मे कार्य कर रही है शर्मा ने आम जनता से शासन की सभी योजनाओं का लाभ उठाकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने कहा। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी उपस्थित नागरिको को संबोधित किया व कहा कि भाटापारा सहित ग्रामीण अंचल मे जितने भी विकास के कार्य हो रहे है वे भाजपा शासन काल मे हीं संभव हो सके है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर कैम्प में जूडों कराटे का प्रशिक्षण दिया गया



**भाटापारा।** नरसिंग विहार मे चल रहे समर कैंप के सातवें दिन जूडो कराटे का विशेष प्रशिक्षण दिया गया साथ ही नम्रता के गुण भी बताये गये। व्यक्तित्व विकास विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुये मंजू दीदी ने कहा कि जैसा हमारा सोर्स ऑफ इनफॉरमेशन होगा वैसा ही हमारे थॉट, फीलिंग, एटीट्यूड, बिहेवियर, पसर्नैलिटी होगी। आइस और ईयर यह दो प्रमुख अंग है जिससे हम सारा दिन सोर्स आफ इनफॉरमेशन अपने अंदर ग्रहण करना होगा। हमें हर सूचना को फिल्टर करके पॉजिटिव रूप में ही अंदर ग्रहण करना होगा तभी हम अपनी एक पावरफुल पॉजिटिव पसर्नैलिटी बना सकते हैं। सिद्धांत जीवन में अपनाना है। कल रविवार समर कैंप का समापन दिवस होगा जिसमें बच्चों सहित अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

### साहित्यकार डॉ.ललित सिंह देवर्षि नारद पत्रकारिता से सम्मानित



**भाटापारा।** अंतर्राष्ट्रीय पार्श्व गायक साहित्यकार डॉ. ललित सिंह ठाकुर को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा सम्मानित किया गया है। ग्राम कड़ार निवासी डॉ. ललित सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ की लोक संस्कृतिक साहित्य विधा को ग्रामीण स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी कला साहित्य पर अहम भूमिका निभाई है। डॉ. ललित सिंह ठाकुर को छत्तीसगढ लोक रामायण विधा का सिद्धहस्त नायक व साहित्य का सशक्त हस्ताक्षर कहा जाता है 2 से 8 मई 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन आयोजित कार्यक्रम मारीशस देश से कार्यक्रम प्रसारित कर पुनः भारत लौटने पर यह देवर्षि नारद पत्रकारिता से सम्मानित किया जो सचमुच मे राम कथा का अंतर्राष्ट्रीय मंच तक प्रचार प्रसार किया है और किया जाता है और किया जा रहा है

### भारती यादव ने ब्लाक में सर्वोच्च अंक से 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण की



**भाटापारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा भारती यादव ने 463 अंक प्राप्त कर संपूर्ण विकासखण्ड मे सर्वोच्च अंक से परीक्षा पास करने का गौरव हासिल किया। उक्त छात्रा ने 500 अंको मे से उक्त अंक अर्जित किया है। लगभग 29.06 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उर्तीर्ण करने वाली छात्रा भारती यादव स्थानीय निवासी रामबिशाल यादव की पुत्री है छात्रा की सफ लता पर अनिज जैन, रामजी पाल व अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# 50.13 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत फिल्टर प्लांट परिसर में 50.13 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन नगर के सतत विकास, नागरिक सुविधा विस्तार एवं स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे शहर के नागरिकों को आधुनिक और सुदृढ़ आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह भूमिपूजन कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 50.13 लाख की लागत से प्रस्तावित सीसी रोड, शेड एवं नाली निर्माण जैसे कार्य न केवल नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा और स्वच्छ परिवेश भी प्रदान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन कार्यक्रम नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 50.13 लाख की लागत से सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित कार्यों की शुरुआत से नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा, स्वच्छता और टिकाऊ संरचना का लाभ मिलेगा।

हमारा निरंतर प्रयास है कि नगर में जनसुविधाओं का विस्तार हो और विकास हर वार्ड तक पहुंचे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, उमाशंकर वर्मा, श्रेणिक गोलछा, कीर्तन जायसवाल, सतीश साहू, बंटी टंडन, नंदू वैष्णव, बब्बू मंधान, प्रत्येश राठौड़, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, संजय बंजारे, शुभम राजपूत, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी एवं देवेंद्र साहू उपस्थित थे। साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, श्रीचंद छाबड़िया, सुभाष भट्टर, गिरधर गोविंदनी एवं महिला मोर्चा से आयशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, तनुजा धृतलहरे व अंजनी जायसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित थी।

# भाटापारा क्षेत्र में सैकड़ों की तादाद में दौड़ रहे रेत लदे हाईवा पर रोक जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो अवैध रूप से सैकड़ो हाईवा वाहन व अन्य वाहन मे रेत का परिवहन अवैध रूप से भारी मात्रा मे किया जा रहा है अल सुबह से बलौदाबाजार मार्ग की ओर से बडे बडे हाईवा वाहन मे रेत का परिवहन ओव्हरब्रिज के रास्ते बिलासपुर मार्ग की ओर हो रहा है ज्यादातर रेत परिवहन करने वाले हाईवा वाहन मे उपर से तारपोलिन ढंके होते है फ र्राटा भरते उपरोक्त किस्म के वाहन कालेज मार्ग की ओर इस रफ्तार से दौड़ रहे है कि लोग भयभीत रहते है कि कब अवैध रेत परिवहन कर रहे तेज रफ्तार भागते वाहन के नीचे कोई चपेट मे न आ जाये बताया जाता है कि दिनभर मे सैकड़ो की तादाद मे अवैध रेत परिवहन कर रहे भारी वाहन पलारी, कसडोल की ओर से भाटापारा के रास्ते आ जा रहे है जिसमे रेत लदी तमाम वाहन भाटापारा खोलवा, देवरी, सेमरिया घाट, नारायणपुर के बाद अनेक वाहन मुंगेली के रास्ते तो अनेक वाहन बिलासपुर की ओर धडल्ले से निकल रहे है अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहनो का आखिर संरक्षक कौन है यह जनचर्चा का विषय बना हुआ है ज्यादातर रेत लदे वाहन कसडोल के महानदी क्षेत्र से आ रहे है तो अनेक वाहन शिवनाथ नदी के विभिन्न घाट व क्षेत्रो से भी दौड़ रहे है जिसके कारण यातायात शहर के अंदर खासकर कालेज मार्ग पर जटिल हो रहा है सुबह 05 बजे से देर रात तक सैकड़ो वाहन रेत ढोते दौड़ रहे है जिस पर किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं होने से लोग हमेशा भयभीत रहते है कि अति तीव्र गति से दौड़ रहे हाईवा वाहन पता नहीं कब किसको चपेट मे ले ले और कब किसको रौंद कर भाग खडे हो जाये इसके पहले भी उपरोक्त किस्म के भारी वाहनो के कारण भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर अनेक हादसे व मौत हो चुके है उसके बावजूद भारी वाहनो के दौड़ते पहिये पर लगाम लगाने की दिशा मे सार्थक कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं किये जाने से अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहन भाटापारा के रास्ते फ र्राटा भर रहे है अनेक अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहन मालिक खोलवा देवरी मे बरसात के पूर्व रेत डंप करने वालो के यहां रेत रास्ते मे भी बेच रहे है जो कि जांच का विषय है लोगो ने भाटापारा क्षेत्र मे दौड़ रहे अवैध रेत परिवहन करने वाले बडे हाईवा वाहन एवं अन्य वाहनो के रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग लोगो ने की है ताकि आम रास्ता चलने वाले व छोटे वाहनो मे चलने वाले लोगो का जीवन सुरक्षित रह सके।

# अहिल्या बाई का संपूर्ण जीवन नारी शक्तिकरण व सहिष्णुता की प्रेरणा देता है - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर आयोजित कार्यशाला मे कहा कि मालवा की महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति शिक्षा सनातन धर्म और समाज उत्थान के लिये समर्पित कर दिया था। होल्कर ने अपने शासन काल के दौरान पूरे देश भर मे लगभग एक हजार से अधिक मंदिरो का निर्माण तथा पुर्ननिर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया था जिसमे काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर गुजरात, त्रयंबकेश्वर नासिक, रामेश्वरम, द्वारिका, गया और पुरी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलो का संरक्षण और निर्माण कार्य उनके द्वारा ही कराये गये। होल्कर द्वारा मध्य प्रदेश मे महेश्वर धाम तथा अनेक घाट और मंदिर के अलावा काशी एवं गया मे गंगा घाट का निर्माण भी कराया गया। अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता उन्होने न केवल निर्माण मे बल्कि धर्मशालाये कुंये तालाब घाट के अलावा यात्रियो के लिये विश्रामगृह निर्माण मे भी अग्रणी भूमिका अदा की उनके पराक्रमी व धर्मनिष्ठ स्वभाव के कारण उन्हे हमेशा याद किया जायेगा। होल्कर के द्वारा बताये गये रास्ते पर चलकर नारी सशक्तिकरण धार्मिक सहिष्णुता एवं न्यायपूर्ण प्रेरणा लोगो को मिलती है। उनकी प्रेरणा एवं आदर्शो से एक सशक्त और समरस समाज के साथ साथ सशक्त राष्ट्र के निर्माण की ओर आगे बढने का प्रावधान शिवरतन शर्मा ने किया। उपरोक्त अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंग देव, प्रदेश भाजपा महामंत्री पवन साय, सुषमा सिंग व शालिनी राजपूत सहित अनेक राजनेता सांसद महापौर भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी के अनेक पदाधिकारी गण बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# ग्राम गुडेलिया बना विकास मॉडल गांव - बृजमोहन अग्रवाल

**भाटापारा।** ब्लाक के विकसित गांव गुडेलिया मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे विशेष रूप से समय निकालकर क्षेत्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मे अपनी सहभागिता देते हुये ग्राम गुडेलिया के ग्रामीणो द्वारा रखे गये मांगो पर विकास की अनेक घोषणायें करते हुये अनेक विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया मे उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल बिहारी बाजपाई डिजिटल सुविधा केन्द्र का उन्होने लोकार्पण किया। उक्त अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ राज्य मे सरकार की विभिन्न योजनाओ के क्रियान्वयन मे भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया ग्राम पंचायत के अधीन हुये कार्य एवं



क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश मे सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है जहां हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उक्त अवसर पर बडी तादाद मे उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति मे खडे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है। उन्होने गांव गरीब किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हुये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव मे इतने अधिक विकास कार्य कराये गये है कि पूरे प्रदेश मे भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है यह गांव मॉडल गांव के रूप मे पूरे प्रदेश मे लोगो को प्रेरणा देने का काम कर रहा है। उक्त अवसर पर संकेत अग्रवाल सहित बडी संख्या मे गांववासी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्वनी शर्मा ने अपने गृह वार्ड में समस्या का निदान किया

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शनिवार को अपने गृह क्षेत्र के वार्ड सुभाष वार्ड मे आम नागरिको से भेंटकर उनकी मुलभूत समस्याओ से जुडी जानकारी लोगो से प्राप्त कर उक्त सभी समस्याओ का त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को देते हुये कहा कि जनता की सभी समस्या जिसमे पेयजल प्रकाश राशन पानी बिजली व राशन कार्ड सहित आम जनता से जुडे सभी समस्याओं का प्रभावी ढंग से निराकरण तुरंत किया जाये साथ हीं उन्होने कहा कि कार्य मे पारदर्शिता के साथ सभी कार्य किया जाये ताकि विकास के पैमाने पर आम जनता को सभी कार्यो से संतुष्टी मिल सके। उक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा के साथ अनेक कार्यकर्ता व पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।



### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष से सिक्ख समाज के लोग मिले

भाटापारा। अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंग चांवला से भाटापारा सिक्ख संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर उन्हे नई जवाबदारी मिलने की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये भाटापारा प्रवास पर आने का न्यौता दिया। जिस पर अमरजीत सिंग चांवला ने शीघ्र ही भाटापारा आने की बात कही। छत्तीसगढ सिक्ख संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंग सलूजा स्मार्ट ने अमरजीत चांवला से विभिन्न सामाजिक मुददो पर चर्चा की उक्त अवसर पर बलवंत सिंग सलूजा, मनी छाबड़ा, सहज गुम्बर, लडडू सोनी, नानक गिडवानी व लक्ष्मीनारायण सोनी सहित बडी संख्या मे भाटापारा के सिक्ख समाज के लोग उपस्थित थे।



### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया समीप ग्राम पैलपार में श्री कृष्ण जी के असीम कृपा से स्व.नरोत्तम सिन्हा के वार्षिक श्राद्ध के संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान में आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम 18/5/25 से 26/5/25 तक आयोजित है। यह कार्यक्रम नौ दिवसीय रखा गया है। कथा वाचक भागवत आचार्य पंडित श्री ऋषि प्रसाद तिवारी, परायण करता पं. श्री मनोज शर्मा कथा के समय दोपहर 2ः00 बजे से हरि इक्छा तक। कथा स्थान महामाया मंदिर पैलपार आयोजक परिवार द्वारा कथा को सफल बनाने के लिए धर्मानुरागियों से पहुंचने की अपील की है।



# भीषण गर्मी से शिवनाथ नदी का जल प्रवाह टूटा जगह जगह पानी के लिये हाहाकार

## पर्यटन स्थल भी नदी के सूखे होने के कारण सूने पड़े

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे इस वर्ष पड़ हीं भीषण गर्मी से जहां एक ओर लोग हैरान है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की जीवन दायिनी शिवनाथ नदी का जल प्रवाह अनेक स्थानो पर सूख चुका है शिवनाथ नदी की धार टूटने से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो मे भी पानी के लिये हाहाकार मचा हुआ है। खासकर नदी किनारे के वे गांव भी अब पानी के लिये मोहताज हो गये है जो कभी शिवनाथ नदी के रौद्र रूप मे आने के बाद जलमग्न होकर डूब जाया करते थे शिवनाथ नदी मे इस वर्ष भयावह सूखे की स्थिति लोगो ने पहली बार देखी है जिसके चलते सेमरिया घाट मदकू द्वीप देवरानी, जेठानी मंदिर क्षेत्र ग्राम ताला तथा कुम्हरखान एनीकट के आगे नदी पूरी तरह अपनी जल प्रवाह की धारा छोड़कर सूख गई है और वहां पर केवल रेत खनन का कार्य अवैध रूप से लोग कर रहे है जिसमे जिसको जैसा मन चाहा वैसी रेत ढुलाई कर रहे है बैलगाडी, भैंसागाडी, टैकृक्टर ट्राली, हाईवा व माजदा सहित अन्य चार पहिया वाहनो से बडी तादाद मे शिवनाथ नदी को छलनी कर रेत रातो रात निकाले जा रहे है इस प्रकार का मंजर नांदघाट से लेकर सेमरिया घाट, मदकू द्वीप क्षेत्र, कुम्हरखान एवं ताला गांव क्षेत्र अमलडीहा, गुडाघाट, पासीद तक शिवनाथ की धार टूट चुकी है और जगह जगह जिसको जहां मौका मिला वे शिवनाथ की कोख से रेत व पत्थर निकालकर ले जा रहे है। भाटापारा शहर को उत्तर दिशा मे बहने वाली शिवनाथ नदी टोहडी घाट से सन 1935 मे बनाये गये इंटेकवेल के जरिये जल प्रदाय किया जा रहा है। टोहडी घाट जल अधिग्रहण क्षेत्र मे इस बार अब तक का सबसे न्यूनतम जल संग्रहण बचा है जिससे भयावह खतरे के संकेत पेयजल के रूप मे शहर मे मंडराने लगा है बताया जाता है कि शिवनाथ नदी के उदगम क्षेत्र से लेकर भाटापारा के उत्तर दिशा मे लगभग चार किलोमीटर दूर टोहडी घाट पहुंचते तक शिवनाथ नदी के जल का औद्योगिक घरानो द्वारा अंधा धुंध नदी जल खींच ले जाने के कारण शिवनाथ नदी का प्रवाह भाटापारा क्षेत्र मे पहुंचते तक मंद गति मे पहुंच गया है फ लस्वरूप नदी किनारे के अनेक गांव भी जो बरसात मे शिवनाथ की बाढ से कई कई दिनो तक डूबे रहते थे वे इन दिनो पानी के लिये तरस रहे है। समय रहते यदि शिवनाथ को नहीं बचाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब शिवनाथ नदी केवल नाम के लिये नदी रह जायेगी इसके लिये शासन प्रशासन अभी से ऐसी व्यवस्था करे कि शिवनाथ नदी पूर्व के अपने मूल रूप मे क्षेत्र मे सदा प्रवाहित रहे वर्तमान मे शहर के नजदीक सुकून के लिये दो पल बिताने गरमी के ऋतु मे सेमरिया घाट, मदकू द्वीप, देवरानी जेठानी ताला मंदिर क्षेत्र के अलावा कुम्हरखान, रामपुर, पासीद व गुडाघाट की ओर जाने वालो को शिवनाथ नदी के सूख जाने का गम इतना सता रहा है कि वे उक्त स्थल पर जाकर भौंचक्के रह जाते है। इस दिशा मे शासन के साथसाथ प्रशासन व प्रकृति प्रेमी नागरिको को नदी तट पर सघन पौधा रोपण कार्य के प्रति गंभीरता से ध्यान देना चाहिये।

**शिवनाथ नदी मे इस वर्ष भयावह सूखे की स्थिति लोगों ने पहली बार देखी है**

# भाटापारा क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से लोग नाराज

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे अंधाधुंध औद्योगीकरण के कारण नये व पुराने प्रजाति के वृक्ष काटे जा रहे है और यह सिलसिला बेरोकटोक चल रहा है जिसके कारण क्षेत्र मे पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ गया है शहर व क्षेत्र मे पिछले दस वर्षो मे जितने पेडो का बलिदान किया गया है उसकी तुलना मे 10 प्रतिशत भी पौधारोपण नहीं किया गया जिसका खामियाजा शहर व क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी के रूप मे भुगतना पड़ रहा है भाटापारा नांदघाट 17 किलोमीटर मार्ग पर अंधाधुंध पेडो की कटाई की गई इसी तरह भाटापारा नारायणपुर चंदखुरी 12 किलोमीटर मार्ग पर भी अनेक पेड टंगिया व कुल्हाडी से बली चढ़ गये लेकिन काटे गये पेड की भरपाई पौधा रोपण के रूप मे गंभीरता से नही की गई जिसका खामियाजा गंभीर जल संकट व पर्यावरण के रूप मे लोगो को भुगतना पड़ रहा है इसी तरह भाटापारा टेंहका मार्ग मे इन दिनो बडे पैमाने पर पेड़ की कटाई की जा रहीं है जिसमे ज्यादातर लोग अपने क्षणिक लाभ के लिये पर्यावरण से खिलवाड़ करते हुये ऑक्सीजन के बडे स्त्रोत अनेक पेड़ो को काट रहे है टेंहका मार्ग पर पीपल पेड के काटे जाने पर वरिष्ठ समाज सेवी एमएल यादव ने चिंता प्रकट करते हुये प्रशासन से अंधाधुंध हो रहीं पेडो की कटाई को रोकने की मांग की है यादव ने अधिकारियो से कहा है कि पंचायत स्तर के पदाधिकारियो को भी सख्त व कडे निर्देश जारी कर अंधाधुंध हो रहीं पेड़ो की कटाई को रोका जाये ताकि क्षेत्र मे पर्यावरण का संतुलन बना रह सके और लोग छांव के अलावा सहज सुलभ रूप से पेयजल व आक्सीजन की प्राप्ति इन पेड़ो के माध्यम से प्राप्त कर सके।

# सालों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीपर नहीं

## शव परीक्षण के लिए परिजन होते हैं परेशान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया**-छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों की मांग पर गुवारा ग्राम में एक सुविधा सम्पन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई थी, जो नगर से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह केंद्र आसपास के लगभग 50 से 60 गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है।

विडंबना यह है कि इस केंद्र में कई वर्षों से स्वीपर की नियुक्ति नहीं हुई है। इस कारण दुर्घटनाओं या असमय मृत्यु के मामलों में शव परीक्षण (पोस्टमार्टम) के लिए मृतकों के परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। डॉ. स्वदेश जायसवाल के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र में हर वर्ष लगभग 100 से 120 पोस्टमार्टम किए जाते हैं, लेकिन स्वीपर के अभाव में हर बार साजा ब्लॉक मुख्यालय (18 किलोमीटर दूर) ले जाना पड़ता है अथवा वहां से स्वीपर बुलाया जाता है। इससे न केवल पोस्टमार्टम में देरी होती है, बल्कि शवों का अंतिम संस्कार भी देर से हो पाता है। कई बार अंधेरा हो जाने के कारण अंतिम संस्कार अगले दिन करना पड़ता है, जिससे शोकाकुल परिजनों की पीड़ा और बढ़ जाती है।

स्वीपर की अनुपलब्धता से न केवल परिजन, बल्कि पुलिस प्रशासन को भी परेशानी होती है। थाना क्षेत्र के लगभग 65 से 70 गांवों में असमय मृत्यु होने की स्थिति में पोस्टमार्टम के लिए साजा स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विगत एक वर्ष पूर्व इस समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर से गुहार लगाई गई थी, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की एकमात्र मांग है कि केंद्र में शीघ्र स्वीपर की स्थायी नियुक्ति की जाए, ताकि इस मानवीय संकट से राहत मिल सके और आमजन को समय पर सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.com